हरिभूमि रायपुर भूमि

### उसी दौरान आईसीयू भी

सूत्रों के अनुसार फ्री फैब वार्ड बनाने के कुछ समय पहले ही वहां गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधा देने के लिए आईसीयू तैयार किया गया था। आईसीयू में आक्सीजन बेड के साथ वेंटिलेटर की व्यवस्था भी की गई थी मगर तीसरी लहर में यहां भी किसी मरीज को भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी थी। आईसीयू का उपयोग अब अति गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए किया जाता है।

- एल्यूमिनियम प्लेट से बना इसलिए ज्यादा गर्म, सामान्य मरीज रखना मुश्किल
- तीसरी लहर में काम नहीं आया, अब धूल खाते वार्ड के भीतर पड़े हैं 20 बिस्तर

# कोरोनाकाल का स्मारक बनकर रह गया 20 लाख का फ्री फैब वार्ड...

# तीन साल से ताला बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लाखों रुपए खर्च कर जिला अस्पताल में कोरोनाकाल में बनाया गया फ्री-फैब वार्ड किसी काम का नहीं रह गया है। एल्यूमिनियम प्लेट के जल्दी गर्म होने की वजह से वहां सामान्य मरीजों को रखना मुश्किल है। वार्ड तीसरी लहर के दौरान भी काम नहीं आया और भीतर बीस की संख्या में लगाए गए बिस्तर केवल धूल खाते पड़े हैं।

दूसरी लहर के दौरान मचे हाहाकार के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब बीस लाख रुपए खर्च कर आनन-फानन तरीके से जिला अस्पताल पंडरी में ईंट, सीमेंट और रेत के उपयोग के बिना इस एल्यूमिनियम प्लेट की मदद से फ्री फैब वार्ड तैयार करवाया था। करीब चार वार्ड बनाकर वहां बीस बिस्तरों की व्यवस्था की गई थी। वार्ड बनने के बाद तीसरी लहर आई मगर वहां मरीजों को भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी और इस वार्ड को बिना उपयोग के ही बंद कर दिया।

हरिभूमि सरोकार

करीब तीन साल बीतने के बाद भी इनके स्थायी उपयोग के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के अफसर कोई योजना नहीं बना पाए हैं। किसी तरह का काम नहीं आने की वजह से वार्ड के बाहर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### गिनती के स्वास्थ्य शिविर

प्री-फैब वार्ड जिला अस्पताल के मुख्य भवन से कापी दूर है इसकी वजह से मरीजों को वहां भर्ती कर इलाज करना मुमकिन नहीं है। इसलिए वार्ड को हमेशा बंद रखा जाता है इसके ताले तभी खोले जाते हैं जब जिला अस्पताल में किसी तरह का स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता है। सूत्रों के अनुसार वार्ड बनने के बाद से लेकर अब तक वहां केवल दो बार लगे शिविर में आने वाले मरीजों की जांच की गई थी।



### दूसरा उपयोग संभव नहीं

प्री-फैब वार्ड में मरीजों को भर्ती कर इलाज करना संभव नहीं है, क्योंकि इसके लिए अतिरिक्त चिकित्सकीय स्टाफ की आवश्यकता होगी। समय-समय पर होने वाले स्वास्थ्य शिविर में ही इसे खोला जाता है।

- **डॉ. एसके भंडारी,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

## खबर संक्षेप

### गांजा जब्त, मध्यप्रदेश के तीन तस्कर धरे गए



**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने गांजा तस्करी करते मध्यप्रदेश के मंडला निवासी 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी दो बाइक से गांजे के पैकेट बोरी में भरकर ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों को 13 मई को रेलवे फाटक के पास पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में अविनाश यादव, राहुल नंदा एवं शनि मरावी तीनों मंडला मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 32 पौवा देशी शराब बरामद कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में एक कोचिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी अमर सिंह रामकुंड शीतला मंदिर के पास आजाद चौक का रहने वाला है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 14 मई को बंधवापारा के पास उसे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक थैला बरामद किया, जिसमें 32 पौवा देशी शराब की बोतलें थीं। जब्त शराब की कीमत 3520 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### चाकू दिखाकर आतंक मचाते दो पकड़े गए

**रायपुर।** देवेंद्र नगर पुलिस ने चाकू के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों चाकू लहराते हुए आम लोगों को आतंकित करते घूम रहे थे। आरोपियों में एक युवक सोना उर्फ बोडो निवासी सुलभ के पास त्रिमूर्ति नगर देवेंद्र नगर और दूसरा सूरज कुमार स्कूल के पास त्रिमूर्ति नगर का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चाकू बरामद कर उनके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

रेल अधिनियम 1989 के 159 एक्ट के तहत नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर जुर्माना लगाने का अधिकार है आरपीएफ को

# रायपुर रेल मंडल पहला, जिसने नो पार्किंग पर चालान का हक आरपीएफ से छीनकर ठेकेदार को सौंपा

## यात्री से समझौता कर पार्किंग कर्मचारी बिना पर्ची के 50 रुपए में छोड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी का रेलवे स्टेशन जोन का पहला ऐसा मंडल बन चुका है, जहां नो पार्किंग में चालान काटने का अधिकार रेलवे ने आरपीएफ से छीनकर ठेकेदार को दे दिया है। यही कारण है कि रोज स्टेशन पर विवाद की स्थिति बढ़ती जा रही है, जो अब अधिकारियों के लिए भी सिर दर्द बन चुका है। नए पार्किंग सिस्टम को लागू करने संविधान में लिखे रेलवे एक्ट के नियमों को ही बदलकर रख दिया है। पहले आरपीएफ रेल अधिनियम के 159 एक्ट के तहत नो पार्किंग में कार्रवाई करती थी और कभी इसे लेकर विवाद नहीं हुआ। नियमों को बदले जाने पर खुद आरपीएफ भी सहमत नहीं है। इधर पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी से जनता परेशान है। रेलवे का कहना है कि नो पार्किंग से गाड़ियों पर जिन वाहनों से जुर्माना वसूला जा रहा है, उसका हिसाब पार्किंग संचालक रेलवे को दे रहा है, लेकिन जुर्माने की कार्रवाई में पारदर्शिता नहीं है।

हरिभूमि मुद्दा

### नियम से आरपीएफ भी सहमत नहीं

नए सिस्टम को लागू करने रेलवे ने नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का जुर्माना वसूलने का अधिकार आरपीएफ से छीनकर पार्किंग संचालक को दे दिया है। इस नियम से आरपीएफ के अधिकारी भी सहमत नहीं है। उनका साफ कहना है कि रेलवे प्रशासन के पास रेलवे एक्ट के नियमों को बदलने का अधिकार नहीं है। नया सिस्टम लागू होने के बाद आरपीएफ और डीआरएम को थोक में शिकायत मिल रही है। यात्री नए सिस्टम और पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी से परेशान हैं।



### रेलवे और पार्किंग संचालक के बीच पारदर्शिता नहीं

नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का जुर्माना लेकर प्रतिदिन पार्किंग संचालक को रेलवे को देना है। प्रत्येक गाड़ी के पीछे 10 से 20 रुपए पार्किंग संचालक को मिलेगा, लेकिन दिनभर में नो पार्किंग में कितनी गाड़ियों पर जुर्माना लगाया जा रहा है, इसका सही हिसाब रेलवे के पास नहीं है। रेलवे प्रशासन और पार्किंग संचालक के बीच पारदर्शिता ही नहीं है। हालांकि रेलवे ने पार्किंग संचालक को कहा है कि जिन गाड़ियों का जुर्माना लिया जा रहा है, उन गाड़ियों की फोटो भी खींचना होगा, लेकिन पार्किंग कर्मचारी फोटो भी नहीं ले रहे हैं। सीधे 100 रुपए वसूल रहे हैं। कुछ लोगों को बिना पर्ची दिए 50 रुपए लेकर ही छोड़ रहे हैं। नो पार्किंग से सीधा लाभ पार्किंग संचालक को हो रहा है।

### समाधान निकाला जाएगा

पार्किंग व्यवस्था को अच्छे से समझने का प्रयास कर रहा हूं। नो पार्किंग में शुल्क लेने का अधिकार अगर रेलवे ने टेंडर में ठेकेदार को दिया है, तो उन परिस्थितियों को भी समझ रहा हूं। पार्किंग को लेकर मंडल के अधिकारी जांच कर रहे हैं। निश्चित ही समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

- **अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

### ठेकेदार को जिम्मेदारी

नो पार्किंग में 159 एक्ट के तहत आरपीएफ कार्रवाई कर सकती है। रेलवे ने टेंडर में ठेकेदार को जिम्मेदारी दी है। पिक एंड ड्रॉप के कारण नो पार्किंग में वही गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं, जिन्हें जानकारी नहीं है। नए लोगों से पार्किंग कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत है।

- **संजय गुप्ता,** कमांडेंट, आरपीएफ

# खारुन एनीकट में नहाने गए 3 लड़कों में एक की डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के खारुन नदी में नहाने गए तीन लड़कों में एक की पानी में डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरव वर्मा 17 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि गौरव अपने अन्य दो साथी लड़कों के साथ मंगलवार को खारुन नदी एनीकट के पास नहाने गया था। तीनों लड़कों को तैरना नहीं आता। नहाने के दौरान गौरव का पैर फिसल गया और वह एनीकट की तरफ गिरकर गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई।



- एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर की मदद से गौरव के शव को बाहर निकाला

पुरानी बस्ती थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने बताया कि गौरव वर्मा कक्षा 11वीं का छात्र था। उसके पिता शैलेंद्र वर्मा मजदूरी का काम करते हैं। पहले वे पाटन दुर्ग में रहते थे, लेकिन पिछले कुछ साल से रायपुरा में आकर रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह अपने अन्य दो दोस्तों के साथ दोपहर करीब 1 बजे खारुन नदी में नहाने गया था। वे तीनों एनीकट के पास नहा रहे थे। बताया जा रहा है कि मृतक और उसके दोनों दोस्तों को तैरना नहीं आता। नहाने के दौरान गौरव का पैर फिसल गया और वह एनीकट के गहरे पानी में जा गिरा। इस दौरान उसके दोनों दोस्त ने शोर मचाते हुए अपने दोस्त को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन जब तक कोई वहां पहुंचता गौरव गहरे पानी के अंदर जा चुका था। इधर उसके दोनों दोस्तों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर की मदद से गौरव के शव को लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद ढूंढकर एनीकट से बाहर निकाला।

# सात दिन की जांच दस दिन बाद भी अधूरी आईवीएफ सेंटर में मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आईवीएफ सेंटर में महिला की मौत के मामले की जांच के लिए गठित समिति सात दिन के काम को दस दिन बाद भी पूरा नहीं कर पाई है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी है। परिजनों की गंभीर शिकायत के आधार पर संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ ने जांच के लिए कमेटी बनाई थी।



*सीएमएचओ ने बनाई थी कमेटी अब तक नहीं मिली रिपोर्ट*

अप्रैल के महीने में पंडरी के आईवीएफ सेंटर में राजनांदगांव जिले की एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में महिला के पति सहित अन्य रिश्तेदारों ने आईवीएफ सेंटर के चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। इस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मतदान सहित कई व्यस्तता

सूत्रों के अनुसार कमेटी ने अपनी जांच शुरू की थी। इस मामले में प्रार्थी पक्ष से घटना के संबंध में जानकारी ली गई थी। इसके बाद लोकसभा चुनाव में मतदान की तारीख थी। इसके अलावा कुछ अन्य तरह की व्यस्तताओं की वजह से मामले की जांच अधूरी रह गई थी।

### रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई

कमेटी की जल्दी ही अपनी जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

जारी होगी नई अधिसूचना

# पीएससी मामले में सीबीआई के सवालों का सरकार ने भेजा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने राज्य सरकार के गृह विभाग से कुछ बिंदुओं के आधार पर जानकारी मांगी थी। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सीबीआई द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में जवाब भेज दिया है। बताया गया है कि सीबीआई के निर्देश के मुताबिक अब राज्य सरकार मामले के संबंध में एक नई अधिसूचना जारी करेगी। बताया गया है कि राज्य सरकार के गृह विभाग ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इनके नाम शामिल

एसीबी-ईओडब्ल्यू दर्ज एफआईआर में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और तब के तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव के साथ कुछ अफसरों और अज्ञात कांग्रेस नेताओं को आरोपी बना गया है। गृह विभाग से जारी पत्र के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा ▶▶ शेष पेज 11 पर


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों मे 12वी के प्राप्तांको के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों मे (सत्र 2024-25) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 मे 12वी पास हुए है वह अपना आवेदन 12वी के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा अधिना रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

महोदय,
............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर



# आवश्यक सूचना

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय रायपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4242238


## 14 दिन की न्यायिक रिमांड का आदेश

# महादेव सट्टा एप में कई और राज खुलेंगे! अर्जुन यादव की रिमांड अवधि 23 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव सट्टा एप केस में दो सौ से अधिक बैंक खातों में करोड़ों रुपये फ्रीज करवाने सहित श्रीलंका देश में एप के पैनल का संचालन का खुलासा करने वाले बर्खास्त आरक्षक अर्जुन यादव की रिमांड अवधि 23 मई तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा जेल में बंद सात आरोपियों में चंद्रभूषण वर्मा, सुनील दमानी, सतीश चंद्राकर, भीम सिंह यादव, रितेश ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि फॉलोअप



### कई और खुलासों की संभावना

ईओडब्ल्यू को यकीन है कि अर्जुन यादव से पूछताछ में और कई खुलासे हो सकते हैं। ईओडब्ल्यू अधिकारियों का मानना है कि अर्जुन ने स्वीकार किया है कि वह खुद महादेव एप के 20 से ज्यादा पैनल संचालित कर रहा था। इसमें देश में कोलकाता और श्रीलंका देश भी शामिल ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मनोज सोनी भी 28 मई तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में फंसे मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। उसे 14 मई तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया था। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद कोर्ट ने उसे 28 मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में 140 करोड़ ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का दावा, महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को नहीं मिली तीसरी किस्त



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, लोकसभा चुनाव में वोट लेने के लिये मुख्यमंत्री ने तीसरी किस्त की राशि के संबंध में घोषणा की थी, लेकिन महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आया है। महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को तीसरी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। सरकार बताए महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त कितनी महिलाओं के खाते में डाली गई? भाजपा सरकार पहली और दूसरी किस्त देने के बाद महिलाओं को तीसरी किस्त नहीं दे रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार जिन महिलाओं के खाते में तीसरी किस्त डाली गयी है, उनका नाम सार्वजनिक करे।

### एसएसपी ने भगवानू और प्रदीप को किया सम्मानित



**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में राहगीरों की जान को बचाने वालों को सम्मान देकर पुलिस विभाग द्वारा एक अनूठा कार्य किया जा रहा है और समाज में जागरूकता लाई जा रही है। राजधानी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन कार्य के लिए स्मृति चिन्ह और प्रस्तुति पत्र देकर सम्मान किया जाता है। इसी कड़ी में अधिवक्ता भगवानू नायक और समाजसेवी प्रदीप साहू ने विगत 29 अप्रैल को राजधानी रायपुर के राजभवन गेट नंबर-1 के समीप ई-रिक्शा के पलट जाने से लहूलुहान दुर्घटनाग्रस्त बुजुर्ग महिला जानकी यादव एवं रिक्शा चालक विदुर महानंद को त्वरित मदद की, तत्काल घटना की न सिर्फ सूचना दी, बल्कि एंबुलेंस बुलवाकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने में भी भूमिका निभाई।

### केटीयू के प्राध्यापक डॉ. शाहिद की सेवाएं बहाल

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के प्राध्यापक शाहिद अली को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के डबल बेंच के उस निर्णय पर रोक लगा दी है, जिसके आधार पर विवि प्रबंधन द्वारा डॉ. शाहिद अली को दोबारा बर्खास्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद डॉ. शाहिद अली की सेवाएं विश्वविद्यालय में अब बहाल हो गई हैं। गौरतलब है कि डॉ. अली को विवि द्वारा 13 जुलाई 2023 को बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने छग उच्च न्यायालय में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। सिंगल बैंच ने विवि के आदेश को निरस्त कर दिया था। विवि द्वारा हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील की गई। हाईकोर्ट ने बहाली के समय सेवा संबंधी लाभों के भुगतान के विषय में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अंतर्गत सुनवाई करने कहा था।

# अमृतकाल विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी, नीति आयोग ने की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ का विजन डाक्यूमेंट 1 नवंबर 2024 को लॉन्च करने की तैयारी की जा रही है। इस सिलसिले में राज्य नीति आयोग अटल नगर नवा रायपुर के सभा कक्ष में मंगलवार को अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने सभी विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में विजन डॉक्यूमेंट की अवधारणा, डॉक्यूमेंट की अपेक्षा अनुरूप जानकारी का समावेश, विभागों की भूमिका, विभागों से जानकारी एवं डाटा प्राप्ति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2021 को भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। साथ ही फरवरी 2024 में केंद्र द्वारा प्रस्तुत बजट में विकसित भारत भी एक महत्वपूर्ण विषय था। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से परस्पर चर्चा उपरांत ही डाटा प्रस्तुत करें। आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य डॉ के सुब्रमण्यम ने बताया कि 24 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अपनी जनसभा में 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' का नारा दिया था तथा 27 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ ने राज्य विधानसभा की बजट सत्र में छत्तीसगढ़ के लिए विकसित राज्य की परिकल्पना की घोषणा की। वित्त मंत्री ने 1 नवंबर 2024 को विजन डाक्यूमेंट लॉन्च करने का लक्ष्य भी रखा।

### बढ़ती आबादी के रोजगार पर चर्चा

डॉ. के. सुब्रमण्यम ने कहा की हमें गुड गवर्नेंस, डिसेंट्रलाइजेशन, क्विक और रेस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, क्वालिटी ऑफ़ लाइफ कैसे बेहतर हो सके, बढ़ती आबादी को रोजगार कैसे मिले, श्रम कल्याण के कार्य कैसे हो सहित अन्य महत्वपूर्ण सभी विषयों पर भी ध्यान देते हुए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक लक्ष्य तैयार करना चाहिए। संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरडिया ने 2047 की परिकल्पना की पृष्ठभूमि, विकसित छत्तीसगढ़ की पृष्ठभूमि, विजन डाक्यूमेंट तैयार करने हेतु समग्र प्रक्रिया, विजन डॉक्यूमेंट के लक्ष्य, आर्थिक और जनांकिकी प्रोफाइल, मुख्य संकेतक, निर्धारित प्रारूप ए और बी आदि के संबंध में सभी नोडल अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता की हत्या का षडयंत्र, बैज ने सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या, बीजापुर में नक्सल मुठभेड़ तथा बीजापुर में बम विस्फोट में बच्चों की मौत पर भी सवाल खड़ा किया। नारायणपुर जिले में कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा, इसके पहले भी दंतेवाड़ा में कांग्रेस नेता जोगा पोयाम की हत्या हुई थी। जब भाजपा नेताओं की हत्या होती है, तब भाजपा उसे टार्गेट कीलिंग बताती है, हमारे नेताओं की हत्या हो रही है, इस पर सरकार चुप्पी साधे हुये है। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राज्य में आपराधिक घटनायें बढ़ गयीं। राजधानी से लेकर सरगुजा, बस्तर तक कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, बीजापुर जिले के पीडिया में हुई मुठभेड़ पर गांव वालों ने सवाल खड़ा किया है। गांव वालों का कहना है कि इस घटना में निर्दोष मारे गये हैं। घटना में एक गूंगे युवक सन्नो की भी हत्या हुई है। गांव वालों के सवालों के बाद कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की जांच का निर्णय लिया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस पार्टी इस घटना पर अपनी रणनीति बनायेगी। कांग्रेस पार्टी पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग करती है।

### मासूम बच्चों की दुखद मौत

उन्होंने कहा, बीजापुर में मोर्टार के विस्फोट में दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गयी है। कांग्रेस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुये जांच कमेटी बनाई है। मोर्टार कहां से आया? किसका था? नक्सलियों का है या सुरक्षा बलों का, सभी पहलू की जांच आवश्यक है। बस्तर का आम आदमी दो पाटों में पिस रहा है। हमने अपनी सरकार के दौरान विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र से रोका था। घटना की जांच के लिये कांग्रेस ने जांच कमेटी बनाई है।

## बैठक : सुझावों के आधार पर लिया जाएगा निर्णय

# साव, नेताम ने कहा- महापौर-अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, फैसला लोस चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद नगरीय निकायों के चुनाव इस साल के अंत में होने हैं। ऐसे में इसको लेकर बहस चल रही है। कांग्रेस सरकार ने महापौर और अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष के स्थान पर अप्रत्यक्ष कर दिया था। इस मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम का कहना है, अभी सरकार ने इस मामले में कोई फैसला नहीं लिया है। लोकसभा चुनाव के बाद इस पर फैसला होगा कि चुनाव प्रत्यक्ष होगा या अप्रत्यक्ष होगा। इसके लिए सुझाव अहम होंगे। इसी के आधार पर फैसला होगा।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्षों का चुनाव पहले की तरह प्रत्यक्ष कराने की मांग उठने लगी है। पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव को बंद कर दिया था। ऐसे में महापौर और अध्यक्षों का चुनाव पार्षदों ने किया था। लेकिन अब जो अभिमत सामने आ रहे हैं, उसमें नेता प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में हैं।

### जल्द होगा फैसला

इस मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, शासन स्तर पर अभी इस विषय में चर्चा नहीं की गई है। लोकसभा चुनाव के बाद निकाय चुनाव पर चर्चा होगी। जो भी विचार सामने आएंगे उसके आधार पर निर्णय लेंगे। भाजपा नगरीय निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। बीजापुर जिले में नक्सल मुठभेड़ पर कांग्रेस ने उठाए सवाल पर श्री साव ने कहा, कांग्रेस के लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल उठाते हैं। कांग्रेस ने 5 साल नक्सलवाद को पालने पोसने का काम किया। हमारे सुरक्षा बल बस्तर को शांत बनाने का काम कर रहे हैं। उस पर कांग्रेस सवाल खड़ा कर रही, यह दुर्भाग्यजनक है।

### सुझावों पर होगा फैसला : नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नगरीय निकाय चुनावों को लेकर कहा, चुनाव प्रत्यक्ष होंगे या अप्रत्यक्ष होंगे ये तय नहीं हुआ है। सरकार इस पर फैसला लेगी। संगठन और आम जनों के सुझाव पर ही फैसला होगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा, सरकार के 100 दिनों के काम पर पूरी उम्मीद है। भाजपा 11 की 11 सीटें जीतेगी। निगम मंडल और संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर उन्होंने कहा, संगठन और सरकार के मुखिया इस पर निर्णय करेंगे। बहुत सारे नेता नियुक्ति की राह देख रहे हैं। जल्द उनका इंतजार खत्म होगा।

## भूपेश-देवेंद्र रायबरेली संदीप ओडिशा में प्रचार में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायबरेली में चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार करने में स्थानीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं। आज भी उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से चर्चा की। श्री बघेल को यहां का सीनियर आब्जर्वर बनाया गया है। वहीं कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव रायबरेली के विधानसभा में लोगों से मिलकर प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। यहां पर 20 मई को मतदान है। 18 मई की शाम को प्रचार थमने के बाद वहां से लौटेंगे। वहीं ओडिशा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ से लगे ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रचार के लिए कांग्रेस के विधायक संदीप साहू को स्टार प्रचारक बनाया गया है। वे वहां पर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि अभी दिल्ली और अन्य प्रदेशों की कुछ सीटों पर पांचवे और छठे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए पूर्व विधायक शिव डहरिया रवाना होंगे।

# प्रदेश के दिग्गज भाजपा नेताओं ने संभाला ओडिशा-झारखंड में मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के दिग्गज नेताओं ने ओडिशा और झारखंड में मोर्चा संभाल लिया है। प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी, केदार कश्यप सहित कई नेता एक तरफ जहां ओडिशा में डटे हुए हैं, वहीं प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, संजय श्रीवास्तव, भूपेंद्र सवन्नी, धरमलाल कौशिक के साथ प्रदेश के कई नेताओं ने झारखंड में मोर्चा संभाल रखा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं हो रही हैं। आने वाले समय में भी मुख्यमंत्री की लगातार अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमने तक सभाएं होंगी।

झारखंड के जमशेदपुर लोकसभा के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजय दिलाने छत्तीसगढ़ से बिल्हा के विधायक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने जमशेदपुर लोकसभा के नेताओं के साथ परिचयात्मक बैठक कर चुनाव प्रचार हेतु कार्ययोजना बनाई। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के बीच कार्ययोजना के तहत कार्यों का विभाजन किया गया जिसमें जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार धरमलाल कौशिक एवं विधानसभावार जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा भूपेन्द्र सवन्नी, पोटका विधानसभा रजनीश सिंह, जुगसलाई विधानसभा विकास महतो, संतोष देवांगन, बहरागुड़ा का कृष्णमूर्ति बांधी, पवन गर्ग को जिम्मा दिया गया है।

### ओडिशा में बृजमोहन की सभाएं, केदार ने ली बैठक

ओडिशा में प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल लगातार सभाएं और विभिन्न समाज की बैठक ले रहे हैं। इसी क्रम में ओडिशा के काटाबांजी में उन्होंने अग्रवाल सभा ट्रस्ट की बैठक ली और समस्त व्यापारी समुदाय से प्रदेश के हित में लोकसभा क्षेत्र में सांसद पद पर भाजपा की संगीता सिंहदेव तथा विधायक पद पर लक्ष्मण बाग को जिताने का आग्रह किया।







हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सीता नवमी पर मंदिरों में माता ....

## एज्यूकेशन अपडेट

### छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के परिणाम आज होंगे घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 के परिणाम आज घोषित किए जाएंगे। कक्षा पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं) से उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) के परीक्षा परिणामों की घोषणा 15 मई बुधवार को दोपहर 12.30 बजे की जाएगी। सचिव छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् रायपुर द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यामंडलम् पेंशनबाड़ा माध्यमिक शिक्षा मंडल कैंपस रायपुर में की जाएगी। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, जिसमें 3505 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

#### आज जारी होंगे ओपन स्कूल के परिणाम

*राज्य ओपन स्कूल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परिणामों की घोषणा आज की जाएगी। दोपहर 3 बजे ओपन स्कूल की वेबसाइट में नतीजे अपलोड कर दिए जाएंगे। छात्र अपने परिणाम यहां जाकर देख सकेंगे। गौरतलब है कि ओपन स्कूल द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं बीते माह समाप्त हुई थीं। विस्तृत जानकारी ओपन स्कूल की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।*

### नेट आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रायपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती, जूनियर रिसर्च फेलोशिप पाने या पीएचडी में प्रवेश के लिए प्रतिवर्ष 2 बार यूजीसी नेट का आयोजन किया जाता है। इस समय यूजीसी नेट जून सेशन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित है। ऐसे में जो अभ्यर्थी अभी तक किसी कारणवश फॉर्म नहीं भर सके हैं और इस एग्जाम में भाग लेना चाहते हैं, वे बिना देरी करते हुए एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट **ugcnet.nta.ac.in** पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। यूजीसी नेट जून 2024 सेशन में आवेदन करने के साथ ही अभ्यर्थियों को शुल्क जमा करना आवश्यक है, बिना शुल्क के भरे गए फॉर्म अधूरे माने जायेंगे और ऐसे फॉर्म स्वतः ही निरस्त हो जाएंगे।

### सीबीएसई 15 जुलाई से लेगा 10वीं-12वीं कंपार्टमेंट एग्जाम

*रायपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी में वर्ष 2023-24 के लिए पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए इस साल आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम सोमवार 13 मई को घोषित कर दिए। सीबीएसई बोर्ड द्वारा परिणाम के साथ जारी अपडेट के मुताबिक इस बार दसवीं के 1.32 लाख और बारहवीं के 1.22 लाख स्टूडेंट्स ऐसे हैं, जिन्हें सप्लीमेंट्री कटेगरी में रखा गया है। इन स्टूडेंट्स के लिए बोर्ड द्वारा कंपार्टमेंट एग्जाम का आयोजन 15 जुलाई 2024 से किया जाएगा। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू हो जाने के बाद से सीबीएसई ने पूर्व प्रचलित सप्लीमेंट्री एग्जाम का नाम बदलकर कंपार्टमेंट एग्जाम कर दिया है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सेकेंडरी यानी कक्षा 10 के छात्र-छात्राएं, जो कि कंपार्टमेंट कैटगरी में रखे गए हैं, वे अधिकतम 2 विषयों के कंपार्टमेंट एग्जाम में सम्मिलित हो सकते हैं। इसी प्रकार, सीनियर सेकेंडरी के स्टूडेंट्स सिर्फ एक विषय के लिए कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकते हैं।*

### अंडरग्रेज्यूएट एंट्रेंस टेस्ट आज से

*रायपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से 15 मई से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेज्यूएट का आयोजन देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। जो भी अभ्यर्थी इस एग्जाम में भाग लेने जा रहे हैं, उनको परीक्षा के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। इसलिए सभी छात्र अभी से एग्जाम गाइडलाइंस को अच्छे से पढ़ लें ताकी परीक्षा दिन पर आपको किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जो भी*



*उम्मीदवार सीयूईटी यूजी एग्जाम में भाग लेने जा रहे हैं वे परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की प्रति एवं एक वैलिड पहचान पत्र (आधार कार्ड/ पैन कार्ड/ वोटर आईडी कार्ड/ पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस में से एक) अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं ताकी आपका वेरिफिकेशन हो सके। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के आपको परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी।*

---

गर्मी आते ही गुलजार हुए शहर के वॉटर पार्क, इस बार कई तरह के नए प्रयोग

# वॉटर पार्क में हर दिन पहुंच रहे 10 हजार लोग, बुजुर्गों के लिए पृथक जोन, महानगरों की तर्ज पर एडवेंचर स्पोर्ट्स

भीषण गर्मी में छुट्टियों का आनंद लेने हर कोई ठंडे प्रदेश नहीं जा सकता है। ऐसे में अब बड़ी संख्या में लोग गर्मी से राहत पाने वॉटर पार्क की ओर रुख कर रहे हैं। जहां आधुनिक वॉटर एडवेंचर के बीच लोग जमकर एंजॉय कर रहे हैं। एमएम फन सिटी व वंडरलैंड के साथ नया रायपुर के वॉटर पार्क में रोजाना हजारों की संख्या में लोग परिवार और दोस्तों संग पहुंच रहे हैं। यहां लोगों को महानगरों की तर्ज पर पानी में एंजॉय करने आधुनिक सुविधा मिल रही है, जिसमें एक्वा पूल, फन राइड पहली पसंद बनी हुई है।

**रायपुर।** होली के बाद से ही वॉटर पार्क में भीड़ उमड़नी शुरू हो चुकी है, जो लगभग अगस्त तक बनी रहेगी। एमएम फन सिटी के डायरेक्टर राजेश थोरानी ने बताया कि फन राइड में एक साथ चार लोग वाटर गुफा का लुप्त उठा रहे हैं। यह सुविधा केवल यहीं है। उनका कहना है कि फन राइड अलग-अलग टर्नल से होकर गुजरती है, जिससे लोगों को पता नहीं चलता है कि वे कहां से कहां पहुंच गए। पानी के साथ इस राइड में लोग काफी समय बीता रहे हैं।

#### वेव पूल में समुद्र का अहसास

राजधानी के वंडरलैंड में भी इन दिनों रौनक बढ़ी हुई है। यहां सपरिवार पहुंचकर लोग रेन डांस और वेव पूल का मजा ले रहे हैं। फ्रेंड्स के ग्रुप भी एंजाय करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि पानी की बौछारों के बीच नहाने का मजा ही कुछ और है। लहरों के बीच समुद्र का अहसास करने, ऊंचाई से फिसलते हुए ठंडे-ठंडे पानी के बीच पहुंच जाने, इनका मजा लेने वालों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। इतना ही नहीं, यहां खाने-पीने की सामग्री भी उपलब्ध है। हफ्ते के अन्य दिनों के मुकाबले वीकेंड में यहां संख्या दोगुनी हो जाती है।





#### दूसरे जिलों से पहुंच रहे हैं लोग

इस भीषण गर्मी में वॉटर पार्क का लुत्फ उठाने के लिए दूसरे जिले से भी लोग पहुंच रहे हैं। तीन जगहों पर रोजाना 10 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का अनुमान है। एडवेंचर एक्टिविटी में बच्चे और बड़े सभी लोग एंजॉय कर सकते हैं। वॉटर पार्क खुलने का समय सुबह 9 बजे का होता है, लेकिन 10 बजे के आस-पास यहां पर सभी चीजें शुरू होती हैं। शहर के सभी वॉटर पार्क शाम 5-6 बजे बंद हो जाते हैं, पर्यटकों के लिए लॉकर व कॉस्टयुम की सुविधा है।

एमएम फन सिटी





#### संगीत की विशेष सुविधा

*वॉटर पार्क में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए जोन बनाया गया है। फैमिली पूल में बड़ी संख्या में युवा वर्ग संगीत के साथ घंटों डांस कर रहे हैं। गर्मी से बचने लोग 11 बजे से शाम 5 बजे तक वॉटर पार्क में मस्ती और मनोरंजन कर रहे हैं। पार्क में वॉटर स्लाइड, वेव पूल, रेन डांस और एक विशेष किड्स जोन भी है। वेव पूल और रेन डांस के लिए समय निर्धारित है। इन दोनों का मजा दिन में पांच बार ले सकते हैं। यह आधे-आधे घंटे के लिए एक से दो घंटे के बाद चलती है। परिसर के रेस्टोरेंट में वेज, नॉनवेज, साउथ इंडियन, चाइनीज के साथ कई तरह के व्यंजन उपलब्ध हैं।*

---

## पुराने कानून में नहीं था साइबर क्राइम के लिए प्रावधान

**रायपुर।** देशभर में एक जुलाई से प्रभावी होने वाले तीन नए आपराधिक कानून, दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर अग्रसर करने वाले हैं। ये बातें गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' में पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला ने कहीं। इस वार्तालाप में स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया के लीगल और क्राइम बीट कवर करने वाले संवाददाता शामिल हुए। वार्तालाप को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के माध्यम से एक नए युग की शुरुआत की जा रही है। नया कानून ज्यादातर जनता को ध्यान रखकर बनाया गया है। नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। आज साइबर अपराधों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। पुराने कानूनों में साइबर अपराधों के लिए कोई प्रावधान नहीं था, लेकिन नए कानून में व्यवस्था की गई है, वह आज के समय की मांग है। उन्होंने बताया कि इन नए कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी के साथ ही साथ फॉरेंसिक लैब की स्थापना पर बल दिया गया है।

#### नए आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला





#### ई-रिकार्ड का प्रावधान

*छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय के उपनिदेशक अभियोजन अवनीश चौरसिया ने बताया, नए कानूनों में ई-रिकॉर्ड का प्रावधान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर और चार्जशीट डिजिटल होंगे। पीड़ित को 90 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जाएगी और 7 साल या उससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी।*

#### आम जनता को सरल-सुलभ न्याय

राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी के सहायक जिला अभियोजन अधिकारी शुभम तोमर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 पर चर्चा करते हुए बताया कि इन कानूनों के लागू होने के बाद आम जनता को न्याय, सरल, सुलभ और समबद्ध रूप से प्राप्त होंगे। एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा । देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी, जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा।

## प्राइवेट स्कूलों में लगेंगे समर कैंप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को ध्यान में रखकर पहली से बारहवीं तक की पुस्तकों का शीघ्र निर्माण किया जाएगा। शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने डीपीआई, समग्र शिक्षा व एससीईआरटी तीनों के समन्वय से एक सप्ताह के भीतर रणनीति बनाकर प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगे। ये बातें स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कही। वे स्कूल शिक्षा संबंधित अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्रमुख निकायों के बेहतर समन्वय से ही शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है।



**गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण आवश्यकः** बैठक में बुनियादी कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने व अतिरिक्त कार्य जैसे छत्तीसगढ़ की अन्य भाषाओं बोलियां में सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए गए। सबसे ज्यादा फोकस प्रशिक्षण पर दिया गया। पूरे प्रदेश के शिक्षकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जिले व ब्लॉक स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्कूल खुलने से पहले ऐसा वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर बनाया जाए, जो शिक्षकों के लिए उपयोगी हो। निजी स्कूलों में भी समर कैंप लगाने की अपील की।

---

कार्नर न्यूज

कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश और गुजरात में भी 100 तालाबों को दे चुके हैं जीवनदान

# जैन समाज की अनूठी पहल, छग के तालाबों को बनाएंगे सूखा मुक्त बारिश के पहले खुदाई, प्रदेश के 15 जिलों के 20 जलाशयों का चयन

**रायपुर।** भारतीय जैन संघटना द्वारा 'सूखा मुक्त छत्तीसगढ़' अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को सूखा मुक्त बनाना है। सूखे तालाब को फिर से जलयुक्त बनाकर क्षेत्र को जल समृद्ध बनाया जाएगा। खेतों में हरियाली इस अभियान से लाई जाएगी। संस्था द्वारा मंगलवार को तालाब पुनर्जीवन अभियान की शुरुआत की गई। शुरुआती चरण में ग्राम कोलर का चयन किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर समाजसेवी बीएल जैन, कोमल चंद चोपड़ा, ग्राम कोलर के सरपंच अन्नू तारक, उपसरपंच एवं जल संरक्षक प्रकाश साहू, विजय गंगवाल मुख्य अतिथि स्वरुप उपस्थित रहे।



#### जल स्तर में होगी वृद्धि

कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्था सदस्य ने बताया, तालाब पुनर्जीवन कार्य से तालाब की जल संग्रह क्षमता बढ़ती है। साथ ही कुंआ और बोरिंग के जल स्तर में वृद्धि होती है। इस कार्य से किसानों और उनके फसलों को लाभ होता है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मानवेंद्र दफ्तरी ,जिला महा सचिव चित्रांक चोपड़ा, जिला सचिव हर्षवर्धन बाघमार, प्रदीप सांकला, वैभव गोलछा, राजेंद्र पारख, नमन लोढ़ा , लोकेश चंद्रकांत जैन, सरपंच अन्नू तारक, उप सरपंच प्रकाश साहू और गांव के रहवासी उपस्थित रहे।

#### 20 गांव में पुनर्जीवन कार्य जारी

भारतीय जैन संघटना के जिला अध्यक्ष मानवेंद्र दफ्तरी ने बताया, भारतवर्ष के जैन समाज के लिए यह गौरव की बात है। फोर्स मोटर्स के अध्यक्ष डॉ. अभय फिरोदिया ने बताया, कंपनी समाज के सहयोग से जल क्रांति का कार्य कर रही है। देश के अन्य राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश और गुजरात के 37 जिलों में 100 से अधिक तालाबों का पुनर्जीवन भी संस्था कर रही है। केंद्र शासन के जल शक्ति मंत्रालय एवं पंचायती राज मंत्रालय ने साथ मिलकर संस्था कार्य कर रही है। जल संकट से प्रभावित 100 जिलों में एमओयू करने का मौका दिया गया है। अब तक प्रदेश के 15 अन्य जिलों को इस परियोजना में शामिल किया गया है। पहले चरण में 6 जिलों में कार्य प्रारंभ किया गया, इस दौरान 20 तालाबों में कार्य जारी है।



#### मृदा दी जाएगी किसानों को

तालाब की खुदाई से निकलने वाली मृदा किसानों को दी जा रही है, जिसका उपयोग वे कृषि संबंधित कार्यों में कर सकेंगे। इसके अलावा समाजजन भी इससे जुड़ रहे हैं। उनके द्वारा लोगों को जल सरंक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने प्रेरित कर रहे हैं। संगटन में जिला पंचायक के सहयोग से तालाबों की सूची तैयार की गई। जिसके बाद सरपंच के साक्षात्कार कर तालाबों का चयन किया जा रहा। इसमें खुदाई के दौरान मिट्टी को निःशुल्क रुप से किसानों को बांटा जा रहा, यह मिट्टी खेतों के लिए लाभदायक है। अभियान के प्रति सामाज के लोगों को जागरुक करने के लिए कार्य किया जा रहा, जिसके विभिन्न विभिन्न माध्यमों का प्रयोग संस्था कर रही। अब तक विभिन्न क्षेत्रों में तालाबों का पुनर्जीवन कार्य प्रारंभ है, जिसके लिए फोर्स मोटर्स के चैयरमेन डॉ.अभय फिरोदिया ने आर्थिक रुप से मदद किया है। आने वाले दिनों में भी कई स्थानों का चयन किया जाएगा, जिसके लिए सामाज भी अपनी ओर से सहयोग करेंगी।

कैंपस लाइव

## बनाई गणित आधारित रंगोली बताए दैनिक जीवन में उपयोग



**रायपुर।** शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसका समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 14 मई को रखा गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए कई प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रेजेंटेशन इत्यादि शामिल रहे। विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए अन्य संस्थानों के विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के सहायक प्राध्यापक डॉ.समीर दशपुत्रे सहायक तथा साइंस कॉलेज के प्रो.बीपी त्रिपाठी द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया।

### सीखने का अवसर देती हैं प्रतियोगिताएं

मुख्य अतिथि डॉ.सीमा शुक्ला ने गणित विषय का महत्व बताते हुए आगे भी इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल छात्रों एवं विजेताओं को पुरस्कार के साथ-साथ प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निधि देवांगन ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवं इसके उद्देश्यों से छात्रों को अवगत कराया। डॉ.जी.नाग भार्गवी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। हेमंत देशमुख, डॉ. स्वाति शर्मा, प्रशांत रथ, शीतल वर्मा, निधि साहू, गरिमा देवांगन, दीक्षा साहू, कन्हैया लाल सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दिकी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सिटी लाइव

## भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंध विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। 14 मई से इसकी शुरुआत हुई। सर्किट हाउस में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 'भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था कैसे बनाया जाए', इस पर चर्चा रहा। मुख्य अतिथि के उप मुख्यमंत्री अरूण साव और पद्मश्री फूलबासन यादव रही। प्रथम दिवस प्रति तकनिकी सत्र में विभिन्न शोधार्थी द्वार शोध पत्र पढ़े गए। तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता डॉ.श्रीनिवास तथा डॉ.आशीष कुमार श्रीवास्तव रहे। विवि के कुलाधिपति गजराज पगारिया, डॉ.दीपिका ढांड, गोकुलानंद सहित सभी विभागाध्यक्ष और छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। प्रथम दिवस भारत को कैसे विश्वपटल पर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवथा बनाया जाए, इस पर चर्चा की गई।

### वाणिज्य छात्रों को मिले टिप्स

संगोष्ठी में सर्वाधिक संख्या वाणिज्य संकाय के छात्रों की रही। छात्रों को वाणिज्य और प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न जानकारी देने के साथ ही बताया गया कि किस तरह से वे विषय संबंधित अपने ज्ञान का प्रयोग कर भारत की अर्थव्यवस्था में सहयोग दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने भी छात्रों को संबोधित किया। पद्मश्री फूलबासन यादव ने भी विभिन्न मुद्दों पर छात्रों से चर्चा की। शोधार्थियों द्वारा पढ़े गए शोध पत्र में भी विविध जानकारी निकलकर सामने आई।

लाइव इवेंट

## 1256 बच्चों का स्वर्णप्राशन दिए स्वास्थ्य संबंधित सुझाव





**रायपुर।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1256 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। परीक्षण के बाद बच्चों के परिजनों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत हर पुष्य नक्षत्र तिथि यह स्वर्णप्राशन कराया जाता है।

### सर्वांगीण विकास में लाभदायक

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो.जीआर चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. प्रवीण जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720 और 16 अप्रैल को 1410 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

सीबीएसई और सीजी बोर्ड के परिणाम जारी होने के बाद कॅरियर ऑप्शन को लेकर फिक्रमंद छात्र

# काउंसलर्स का कहना-विज्ञान के छात्र अधिक तनाव में कला संकाय में अपेक्षाकृत अधिक रचनात्मक विकल्प

रायपुर। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी होने के साथ ही छात्रों में इन दिनों विषय चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ना सिर्फ दसवीं बल्कि बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी छात्र यह चुनाव नहीं कर पा रहे हैं कि उन्हें कौन से संकाय का चुनाव करना चाहिए। सही निर्णय और सलाह के लिए स्टूडेंट्स इन दिनों कॅरियर काउंसलर्स के पास पहुंच रहे हैं। शहर के कॅरियर काउंसलर्स का कहना है कि सर्वाधिक तनाव में विज्ञान के छात्र हैं। इसके उलट कला संकाय में अधिक रचनात्मक विकल्प मौजूद हैं, छात्रों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### कला संकाय के छात्र कर सकते हैं इनका चुनाव



**बीए इन सोशियोलॉजी-**12वीं बाद स्टूडेंट्स सोशियोलॉजी में बीए कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी की तरफ से ये कोर्स संचालित किया जा रहा है। सोशियोलॉजी से बीए करने के बाद छात्र पोस्टग्रेज्यूएशन और पीएचडी कर प्राध्यापक बन सकते हैं।

**बीए इन इकोनॉमिक्स-** विद्यार्थी बीए इन इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कर सकते हैं, जिसके बाद वह एमबीए, पीएचडी या फिर खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

**बीए इन इंग्लिश-** यदि आपकी अंग्रेजी अच्छी है तो आप इस विभाग में प्रवेश ले सकते हैं। आर्ट्स स्ट्रीम में बीए इंग्लिश के पश्चात पोस्ट ग्रेज्यूएशन करके पीएचडी करके असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते है।

**इवेंट मैनेजमेंट-** क्रिएटिविटी में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सबसे अच्छा ऑप्शन है। किसी भी विषय के छात्र इसकी पढ़ाई कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई के दौरान इवेंट मैनेजर और वेडिंग प्लानर आप बन सकते हैं।

**बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग-** पिछले कुछ समय में यह कोर्स चलन में आया है। फैशन का दौर होने के चलते इसका चयन कर सकते हैं, जिसके लिए कई महाविद्यालय उपलब्ध हैं।

**एसएससी की तैयारी-**बारहवीं कक्षा में पास होने के पश्चात आप कर्मचारी चयन आयोजन (एसएससी) की तैयारी कर सकते है। इसके लिए आपकी उम्र 18 से 27 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। भारत सरकार के मंत्रायल एवं विभाग में गैर तकनीकी समूह 'ग' और 'ख' के अराजपत्रित पदों में भर्ती होती है।

**बीएएलएलबी-**12वीं के बाद बीएएलएलबी की पढ़ाई कर सकते हैं और वकील बन सकते हैं। वहीं उच्च शिक्षा के लिए एलएलएम बेहतर विकल्प है। जज बनने के लिए यूजी की डिग्री आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थियों को प्रांतीय सिविल सेवा न्यायिक उत्तीर्ण करना होगा। जज बनने के लिए एलएलबी की डिग्री का होना अनिवार्य है।

### माता-पिता भी तनाव में

*करियर काउंसलर सुयश ठाकुर ने बताया, बारहवीं कक्षा के नतीजे आने के बाद बच्चों संग माता-पिता में भी तनाव बना हुआ है। विद्यार्थियों के लिए दसवीं और बारहवीं कक्षा जंक्शन की तरह होती है। इस दौरान उनका सही विषय चयन जरुरी होता है। जब कोई विद्यार्थी अपने लक्ष्य के अनुसार लगातार मेहनत करे तो उसे लक्ष्य प्राप्ति से कोई नहीं रोक सकता। यदि कोई बच्चा अधिक मेहनत के बाद भी नीट, जेईई जैसे परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए तो उसे कड़ी मेहनत करनी चाहिए। काउंसिलिंग के दौरान पहले बच्चों का मनपसंद कार्य पूछा जाता है। काउंसलर के अनुसार, काम करने में तब आनंद आता है, जब उस कार्य में आपकी रुचि हो। वही कार्य करना चाहिए जिसमें आपकी रुचि बनी हो। बारहवीं के बाद आप अपने मनपसंद विभाग का चयन करें, ताकि पढ़ाई के दौरान आपको आनंद आए।*

### पूछ रहे कई तरह के सवाल

*कॅरियर काउंसलर निशिता शर्मा ने बताया, काउंसलिंग के दौरान कई तरह के प्रश्न पूछे जा रहे हैं। जिसमें विषय के लिए कौन-सा सही कोर्स है? यूनिक कॅरियर का ऑप्शन क्या है? सबसे अधिक पैसा किस फिल्ड में है? जैसे प्रश्न शामिल है। विज्ञान, गणित, कॉमर्स और आर्ट्स के लिए वर्तमान में कई यूनिक ऑप्शन हैं, जो बच्चों के लिए लाभदायक हैं। यह सभी ऐसे विभाग हैं, जिसमें भविष्य में कई अवसर प्राप्त होंगे।*

### ये भी हैं बेहतर विकल्प

#### एनडीए

यह एक एंट्रेंस एग्जाम है जो इंडियन आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में ऑफिसर्स के चुनाव के लिए आयोजित किया जाता है। यह एग्जाम साल में दो बार होता है। एनडीए का एग्जाम पास करने के बाद कैडेट्स को ट्रेनिंग दी जाती है, जो ट्रेनिंग को पूरा करने के बाद आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में ऑफिसर्स बनते हैं।

#### पायलट बनने के लिए तैयारी

इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए भी एनडीए परीक्षा पास करनी होती है। 3 साल का कोर्स पूरा करने के बाद आपको फ्लाइंग ट्रेनिंग में भाग लेना होगा। इसके बाद स्थायी कमीशन अधिकारी के रूप में काम कर पाएंगे। पांच तरह के पायलट होते हैं, जिसमें एयरलाइंस ट्रांसपोर्ट पायलट, प्राइवेट पायलट, स्पोर्ट्स पायलट, फ्लाइट इंस्ट्रक्टर, एयरफोर्स पायलट शामिल हैं। प्रत्येक पायलट की पढ़ाई के लिए इंस्टिट्यूट अलग-अलग होते हैं।

**पब्लिक रिलेशन**-यदि आपको जनसंपर्क में रुचि है तो आप इस फिल्ड में प्रवेश कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग के दौर में हर कंपनी अपनी छवि सुधारना चाहती है। जिसके लिए कंपनी पब्लिक रिलेशन एक्सपर्ट का चयन करती है। इस फील्ड में थोड़े से अनुभव के बाद आप कई बड़ी कंपनियों में पब्लिक रिलेशन, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन, कॉर्पोरेट अफेयर्स या एक्सटर्नल अफेयर्स डिपार्टमेंट में काम कर सकते हैं।

### विज्ञान संकाय : फॉर्मेसी, ड्रग इंस्पेक्टर जैसे विकल्पों पर भी दें ध्यान

काउंसलर नरसिंग साहू ने बताया, वर्तमान में साइंस विषय के विद्यार्थी अपने कॅरियर को लेकर तनाव में अधिक हैं। साइंस वाले बच्चों के लिए मेडिकल फिल्ड एक बेहतर ऑप्शन है।

फार्मेसी में डिप्लोमा और बैचलर भी एक अच्छा विचार बन सकता है, जिसमें आप भविष्य में ड्रग इंस्पेक्टर सहित अन्य विविध पदों के लिए तैयारी कर सकते हैं।

विज्ञान संकाय 'बीटेक इन पुट टेक्नोलॉजी' और न्यूट्रिशन एंड डाइटिशियन वर्तमान समय में यूनिक ऑप्शन है।

### मैथ्स के बाद अपना सकते हैं ये कॅरियर ऑप्शन

#### स्टैटिस्टिक्स कोर्स

गणित विषय के विद्यार्थियों के लिए यह ऑपशन अच्छा है। कुछ यूनिवर्सिटी में बैचलर कोर्स में प्रवेश बारहवीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाता है। वही कुछ महाविद्यालय में एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयन किया जाता है। एंट्रेंस एग्जाम में गणित और सांख्यिकी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। गणित में ग्रेज्युएट स्टूडेंट्स मास्टर्स लेवल पर स्टैटिस्टिक्स की पढ़ाई कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए देश के विभिन्न राज्यों में महाविद्यालय मौजूद हैं।

**इंजीनियरिंग-** बारहवीं में गणित विषय के चयन के बाद आप इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इसमें कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न कोर्स उपलब्ध है। इसके लिए आईआईटी, एनआईटी तथा ट्रिपलआईटी उत्तम विकल्प हैं। यहां निजी महाविद्यालयों की तुलना में प्लेसमेंट लगभग 100 फीसदी होता है।

**बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर-** यह एक बैचलर डिग्री है। जिसमें छात्रों को विभिन्न आर्किटेक्चरल डिजाइन तकनीक, ग्राफिक्स, आर्किटेक्चरल डिजाइन की स्किल सिखाई जाती है। इसके बाद आप एक प्रोफेशनल आर्किटेक्ट बन सकते हैं। आप इंटीरियर डिजाइनिंग में भी करियर बना सकते हैं।

**बैचलर ऑफ साइंस इन मैथेमेटिक्स-** गणित में अधिक रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए बीएससी विथ मैथ्स एक उत्तम विकल्प है। स्नातक शिक्षा के बाद आप उच्चतर अध्ययन और शोध के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जो एक गणितज्ञ या कॉलेज प्रोफेसर के रूप में कॅरियर ऑप्शन के रुप में रहेगा।

**डेटा साइंस और एनालिटिक्स-** डेटा के साथ काम करने में रुचि रखते हैं, तो डेटा साइंस और एनालिटिक्स में कॅरियर आपके लिए बहुत सारे संतुष्टि भरी संभावनाएं प्रदान कर सकता है।

## धैर्य संग लगन ने दिलाई सफलता

**रायपुर।** केरल समाजम द्वारा प्रबंधित आदर्श विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल टाटीबंध के छात्रों ने भी दसवीं और बारहवीं परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। बारहवीं कक्षा में राजदीप सिंह ने 89% संग वाणिज्य वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल



किया। ध्रुव शुक्ला ने जीव विज्ञान वर्ग में 87% संग सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। श्रेयांश शुक्ला ने 85% के उत्कृष्ट स्कोर के साथ गणित वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के नतीजों में अनुश्री तिवारी 93.2% संग शीर्ष पर ही। कृति सिंह ने 92% के साथ दूसरा और खुशी मेव ने 89.4% स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल अमीर बी सुल्तान सहित शाला प्रबंधन ने छात्रों को बधाई दी है।

### कई छात्रों को विषयवार 100% अंक



एनएच गोयल स्कूल के लक्ष्य सोमानी को 12वीं कक्षा में 92% अंक हासिल हुए हैं। उनके पिता जितेंद्र और माता दीपा सोमानी हैं। होलीक्रॉस बैरनबाजार के छात्र वेदांत कुमार साहा को 12वीं में विज्ञान विषय में 96% अंक प्राप्त हुए। मैथ्स एवं आईपी में 100 फीसदी अंक मिले हैं। डीपीएस स्कूल की छात्रा गौरी जायसवाल को 10वीं में 93.8% अंक प्राप्त हुए हैं। पिता डॉ. आनंद और माता डॉ. ज्योति सहित स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है।

*शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं कक्षा में देवांशी नाहटा ने 92% अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। संदेश प्रजापति 85.20% , शुभम दुबे 82% व धारना चंदानी 80% अंकों के साथ क्रमश दूसरे तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में रशमीता साहू 92.60% के साथ प्रथम, पल्लवी सोनकर 92.40% के साथ द्वितीय व सृष्टि सिंह 85% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।*

## नाटक के जरिए समझाए सोशल मीडिया के नुकसान पालकों से आग्रह-मोबाइल की जगह बच्चों को दें समय

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा की ओर बच्चों का ध्यान एकत्र करना रहा, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर पारंपरिक परिधान के साथ नृत्य प्रस्तुति दी गई। जिसे देखने माता-पिता संग संस्था के विभिन्न व्यक्ति शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, ब्रह्माकुमारी भावना दीदी, ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी एवं ब्रह्माकुमारी सविता दीदी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।



### ... ताकि बच्चों में जागृत हो प्यार और अपनापन

केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा, बचपन मूल्यवान समय होता है। इस समय हम अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जीवन में नैतिक मूल्यों का होना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि अपना समय टीवी और मोबाइल में व्यर्थ नष्ट ना करें। बल्कि अपना अमूल्य वक्त बच्चों को दें, ताकि बच्चों में प्यार और अपनापन का भाव जागृत हो।

### बच्चों में चरित्र विकास जरूरी

एनआईटी निदेशक ने कहा, बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है। अन्य देशों के व्यक्ति योग और ध्यान सीखने के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा, बच्चों के चरित्र विकास में समर कैंप मददगार बनेगा। वर्तमान में शारीरिक और स्कूली शिक्षा के साथ ही आध्यात्मिक शिक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

राजधानी के तीन ऐतिहासिक मठों में विराजित हैं भगवान श्रीराम संग माता जानकी

## सीता नवमी पर मंदिरों में माता का अलौकिक श्रृंगार लकड़ी की अग्नि से बने हलवा-पूड़ी का लगेगा भोग

कॉर्नर न्यूज

भगवान श्रीराम की अर्धांगिनी और राजा जनक की दुलारी माता सीता का प्राकट्य दिवस 16 मई वैशाख शुक्ल नवमी तिथि को मनाया जाएगा, जिसे लेकर शहर के प्राचीन मंदिरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।



**रायपुर।** गुरुवार को दूधाधारी मठ, गोपी दास मठ और नागरी दास मठ के साथ जैतूसाव मठ में प्रतिस्थापित श्रीराम व माता जानकी की प्रतिमा का अभिषेक करके मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही पूड़ी, हलवा का भोग अर्पित करने के पश्चात महाआरती होगी। मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सूर्यास्त तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जिसमें भक्तगण भी शामिल हो सकते हैं। राजधानी में तीन ऐतिहासिक मठों में भगवान श्रीराम संग माता जानकी विराजित हैं, जिसका इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना है। तीनों मठों में सुबह प्रतिमा का श्रृंगार करके पूजन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी जानकी जयंती मनाई जाएगी। महामाया मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया कि माता सीता ने अपना वनवास काल छत्तीसगढ़ में भी गुजारा था। तुरतुरिया गांव में महर्षि के आश्रम में लवकुश का जन्म हुआ था।

### प्रतिमाओं का श्रृंगार कर महाआरती

पुरानी बस्ती के बनियापारा में 150 साल पुराना गोपी दास मठ में धूमधाम से सीता नवमी मनाई जाएगी। यहां सुबह नियमित आरती के दौरान तथा शाम को श्रीराम-जानकी लक्ष्मण की प्रतिमाओं का श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात महाभंडारे में प्रसादी वितरण किया जाएगा। पुरानी बस्ती में लिली चौक के समीप बढ़ईपारा में 200 साल पुराने नागरी दास मठ में पर्व मनाया जाएगा। पत्थर से निर्मित भगवान श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार होगा।

### श्रीरामचरित मानस का पाठ और भजन-कीर्तन

मठपारा में 400 साल से अधिक पुराने ऐतिहासिक श्री दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमानजी मनमोहक प्रतिमाएं हैं। मठ के सेवादार ने बताया कि सभी प्रतिमाओं का श्रृंगार किया जाएगा। मठ में सीता रसोई भी है। भगवान को लगाया जाने वाला भोग सीता रसोई में ही बनाया जाता है। इस रसोई की विशेषता कि यहां भगवान का भोग गैस सिलैंडर पर नहीं बल्कि चूल्हे पर लकड़ी की अग्नि से ही बनाया जाता है। पूजन के बाद श्रीरामचरित मानस का पाठ और भजन-कीर्तन किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### टेबल टेनिस में शैलेष और निशांत की जोड़ी विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 8 से 12 मई तक आयोजित स्व. श्री विद्याचरण शुक्ल स्मृति रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के युगल वर्ग में शैलेष डागा एवं निशांत क़ानूगा की जोड़ी विजेता रही। रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी सहित) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक) ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी थे अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरंस टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे ने की। प्रतियोगिता के सुपर लीग के अंतिम परिणाम इस तरह रहे। युगल वर्ग में विजेता - शैलेष डागा एवं निशांत क़ानूगा,उपविजेता- गिरिराज बागड़ी एवं अरविंद कुमार शर्मा,तृतीय- सयान प्रमाणिक एवं शिरीष देव रहे। उपरोक्त तीनों के अतिरिक्त निखिल बानी एवं जतिन सोनी, सुरेश शादीजा एवं दीपक जैन, जे.एम. राठोड़ एवं राकेश यादव, विनय केजरीवाल एवं अंशुमान शर्मा, शरद शुक्ला एवं मो मेराज, चिरंजीत राय एवं दिव्या आमदे, भारत पारेख एवं पी.एन. मजुमदार, प्रदीप एवं मो अशफाक, शैलेश गोलछा एवं डा. भरत अग्रवाल की जोड़ी ने सुपर लीग में क्रमशः चौथा से बारहवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये शरद शुक्ला एवं मो मेराज की जोड़ी को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय अंपायर जया साहू थी। इस अवसर पर प्रदीप जोशी, प्रवीण निरापुरे, डा. स्वाति बांठिया, डा अविनाश इंग्ले, पवन शादीजा, नमित कोठारी, अजीत बनर्जी एवं अन्य सदस्यगण, खिलाड़ीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### महिला क्रिकेट में नार्थ जोन और साउथ जोन रही विजेता

**रायपुर।** सीएससीएसद्वारा आयोजित सीनियर वुमेंस एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में वेस्ट जोन एवं नॉर्थ जोन के बीच खेला गया। जिसमें नॉर्थ जोन ने यह मैच 26 रन से जीता। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 2 27 रन बनाए। इनमें मिताली शर्मा ने नॉट आउट 117 रन, ईशा भारती ने 43 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की खुशी तिवारी ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन की टीम 201 रन पर आउट हुई। जिसमें रूमा दास ने 54 रन और पल्लवी वर्मा ने नॉट आउट 47 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की मनप्रीत कौर ने 5 विकेट लिए। श्रद्धा वैष्णव ने 2 विकेट लिए। दूसरा मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में टीम साउथ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन खेला गया। साउथ जोन ने यह मैच 48 रन से जीता। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 178 रन पर आउट हुई। जिसमें कुमुद साहू ने 48 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की दीपमाला मिंज एवं मनस्वी निर्मलकर ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन की टीम 130 रन पर आउट हुई। जिसमें कृति गुप्ता ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की प्रतिज्ञा सिंह देवी सोनवानी एवं नेहा बड़वाईक ने 2-2 विकेट लिए।



### एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट में रोमांचक मुकाबले जारी



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शानदार खेल का प्रदर्शन दर्शकों को देखने को मिला। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुए मैच में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी की टीम पहली पारी में 132 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में सरगुजा की टीम पहली पारी में 122 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी की टीम दूसरी पारी में 254 रन पर आउट हो गई। नीलांजल ने 56 रन और आलोक कुमार ने 44 रन बनाएं । गेंदबाजी में सरगुजा के नवोदय गुप्ता एव अर्श अनय ने तीन-तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में सरगुजा के खिलाड़ियों ने दूसरी पारी दो विकेट पर 45 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में बल्लेबाजी करते हुए महासमुंद के खिलाड़ी पहली पारी 135 रन पर आउट हो गए। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी 173 रन पर आउट हुई। कृश अग्रवाल ने 65 रन, जितेंद्र साहू ने 50 रन ,गेंदबाजी में महासमुंद के जेपी पांडे ने 6 विकेट, रूपेश कुंभालकर ने तीन विकेट, बल्लेबाजी में महासमुंद ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 156 रन बनाए। जिसमें स्वयं पांडे ने नॉट आउट 67 रन बनाए।

आंकड़े चौंकाने वाले, बदलनी होगी जीवन शैली

# कम पानी पीने से हो सकता है किडनी स्टोन, ऐसे आहार से भी होती है दिक्कतें

किडनी स्टोन, दैनिक आहार में गड़बड़ी के कारण होने वाली समस्या है, साल 2023 के आंकड़ों के अनुसार करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों में इस साल समस्या का निदान किया गया। किडनी स्टोन, किडनी में मिनरल्स और सॉल्ट एकत्रित होने के कारण होने वाली समस्या है, जो काफी दर्दकारक और असहज स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन होने के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें आहार में गड़बड़ी, शरीर का वजन बढ़ना, कुछ चिकित्सीय स्थितियां और कम पानी पीना प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी की पथरी आपके मूत्र पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। हमारी किडनी स्वाभाविक रूप से तरल पदार्थों को फिल्टर करती रहती है हालांकि कुछ तत्वों की अधिकता के कारण क्रिस्टल निर्मित होने लगते हैं जिसके कारण आपको किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।





### चीजों के सेवन को लेकर भी बरतें सावधानी

आहार में कुछ प्रकार की चीजें या फिर प्रोटीन, सोडियम (नमक) और चीनी से भरपूर चीजों का अधिक मात्रा में सेवन करना भी किडनी की पथरी का खतरा बढ़ा सकता है। अधिक मात्रा में सोडियम वाले आहार के कारण जोखिम अधिक हो सकता है। पालक, बैंगन जैसे ऑक्सालेट से भरपूर अधिकांश खाद्य पदार्थों के अलावा कुछ प्रकार के सप्लीमेंट्स के कारण भी किडनी में स्टोन की समस्या होने का जोखिम बढ़ सकता है।

### कम पानी पीते हैं तो हो सकता है खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन बनना सीधे तौर पर तरल पदार्थों या शरीर में पानी की कमी से जुड़ा हुआ है। यह गुर्दे की पथरी बनने के सबसे आम कारणों में से एक है। कम तरल पदार्थों के सेवन से मूत्र का निर्माण कम होता है जिसके कारण मूत्र गाढ़ा होने लगता है। इससे किडनी में स्टोन बनाने वाले पदार्थों की अधिकता हो सकती है। यदि किडनी की पथरी आपके मूत्रमार्ग में फंस जाती है, तो यह मूत्र के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकती है जिससे किडनी में सूजन और कई गंभीर प्रकार की समस्याओं का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि पानी की कमी के अलावा और किन कारणों से किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है?

### मोटापे के शिकार हैं तो भी खतरा

अधिक वजन को पहले भी कई प्रकार की समस्याओं जैसे हृदय रोग, डायबिटीज और अन्य क्रोनिक बीमारियों से जोड़कर देखा जाता रहा है, ये किडनी में स्टोन की समस्या को भी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), कमर पर अधिक चर्बी होने की समस्या भी किडनी में स्टोन बनने का कारण हो सकती है। वजन कंट्रोल करना आपको कई तरह की बीमारियों से बचाने में सहायक हो सकती है।

पाचन रोग और सर्जरी

## लॉकर के आसपास नहीं रखनी चाहिए ऐसी चीजें, रूठ जाती हैं लक्ष्मी मां



हम सभी अपने घर व ऑफिस में पैसे रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करते हैं। पैसे हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम्‌ है और इसलिए इन्हें सुरक्षित तरह से रखने के लिए तिजोरी का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। जब तिजोरी या उसके आसपास की जगह का खास ध्यान रखा जाता है तो इससे लक्ष्मी माता काफी प्रसन्न होती है। चूंकि तिजोरी का संबंध धन व देवी लक्ष्मी से है, इसलिए आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। कई बार हम अनजाने में तिजोरी के आसपास ऐसी कई चीजें रख देते हैं, जिससे उस स्थान पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। इससे लक्ष्मी मां रूठ जाती है और व्यक्ति को धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### फटी-पुरानी किताबें ना रखें

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें किताबें व नॉवल पढ़ने का शौक होता है। लेकिन वे अक्सर पढ़ने के बाद उन किताबों को तिजोरी के पास ही रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। दरअसल, किताबों में तरह-तरह के विषय और तस्वीरें होती हैं, जो कभी-कभी नेगेटिविटी क्रिएट करती हैं। इसलिए, तिजोरी के आसपास फटी-पुरानी किताबें नहीं रखनी चाहिए।

### ना रखें झाड़ू

कभी-कभी हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन तिजोरी के आसपास झाड़ू रख देते हैं। लेकिन तिजोरी के आसपास किसी तरह का कूड़ा-कचरा या झाड़ू नहीं होना चाहिए। दरअसल, इस तरह की गंदगी से लक्ष्मी मां रूठ जाती है। कोशिश करें कि आप झाड़ू के (झाड़ू के वास्तु टिप्स) अलावा पुराने कपड़े या अन्य कोई भी बेकार सामान वहां पर ना हो।

### ना रखें कोर्ट के कागज

यह भी हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आप तिजोरी के अंदर या उसके आसपास किसी तरह के कोर्ट कचहरी से जुड़े कागज नहीं रखने चाहिए। कुछ लोग यह सोचकर कोर्ट के कागज वहां पर रख देते हैं, कि वे वहां पर सुरक्षित रहेंगे। जबकि यह वास्तव में बहुत बड़ी गलती होती है। अगर आप कोर्ट के कागज तिजोरी में रखते हैं तो इसका अर्थ यह होता कि आपका सारा पैसा कोर्ट के केस में ही खर्च हो जाए। बेहतर होगा कि आप उन्हें अलग से अलमारी में रखें।

### ना रखें अतिरिक्त सामान

कई बार ऐसा होता है कि हम अपनी तिजोरी (तिजोरी में रखें हल्दी की गांठ रखने के फायदे) किसी टेबल पर रखते हैं और जब उसमें अतिरिक्त जगह होती है।

## जानिए वास्तु अनुसार बेड के सिरहाने क्या रखें और क्या नहीं



बेड के सिरहाने पर हम बिना सोचे-समझे कुछ भी रख देते हैं। लेकिन अगर वास्तु के अनुसार चीजों को चुना जाए, तो इससे आपके पूरे जीवन में सकारात्मकता आती है।

बेडरूम घर का एक बेहद अहम्‌ हिस्सा होता है। जब हम बेड पर सोते हैं और एक अच्छी नींद लेते हैं तो इससे हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। हालांकि, कई लोगों को रात में ठीक तरह से नींद नहीं आती है। वे चाहकर भी अच्छी तरह से सो नहीं पाते हैं। जिससे उनकी रात ही नहीं, पूरा दिन भी खराब हो जाता है। कई बार आपको ठीक तरह से नींद ना आने के पीछे की मुख्य वजह आपके बेडसाइड में रखी चीजें भी हो सकती हैं।

अक्सर लोग अपनी सुविधा के अनुसार बेड के सिरहाने पर सामान रखते हैं या फिर यूं ही कभी-कभी कुछ भी रख देते हैं। लेकिन इससे भी आपके कमरे का वास्तु खराब होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप बेडसाइड में रखे सामान पर भी उतना ही ध्यान दें। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि बेड साइड पर क्या रखना चाहिए और क्या नहीं-

### ना हो कूड़ा-कचरा

कई बार लोग बेड के साइड व पीछे की सफाई नहीं करते हैं। जिससे वहां पर गंदगी जमा हो जाती है। अक्सर लोग कई महीनों में वहां की सफाई करते हैं, लेकिन ऐसा करने से उस स्थान में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। अगर आपके बेड साइड या पीछे गंदगी होती है तो इससे आपको अच्छे सपने नहीं आते हैं। बल्कि कई तरह के बुरे सपनों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

### ना हो झूठे बर्तन

कभी-कभी लोग रात को खाना खाने के बाद या चाय पीने के बाद उसे किचन में रखने का आलस करते हैं। ऐसे में वे उन बर्तनों को बेड साइड टेबल पर रख देते हैं। जबकि आपको गलती से भी ऐसा नहीं करना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि बेड साइड पर झूठे बर्तन रखने से वहां पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है।



## पेट की चर्बी को कम करने अपनाएं आयुर्वेदिक उपाय

पेट की चर्बी से आज के वक्त में काफी महिलाएं परेशान हैं। कई बार सही डाइट, एक्सरसाइज और भी कई कोशिशों के बाद पेट की जिद्दी चर्बी टस से मस नहीं होती है। जंक और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाने से लेकर डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल करने तक, अगर आप सब जतन कर चुके हैं, लेकिन आपका बेली फैट कम नहीं हो रहा है, तो आपको कुछ आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए।

बता दें कि आयुर्वेद इंसान के शरीर की प्रकृति के हिसाब से बेली फैट को कम करने में मदद करता है। बेली फैट का शरीर में मौजूद तीनों दोषों से क्या कनेक्शन है, बेली फैट को कम करने के लिए किन आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए, इस बारे में डॉक्टर शिखा शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर शर्मा ने दिल्ली से पढ़ाई की है। वैदिक और मॉर्डन न्यूट्रिशन को फॉलो कर वह लोगों को सही डाइट चुनने और हेल्दी रहने में मदद करती हैं।

### आयुर्वेद के अनुसार बेली फैट का कारण

बेली फैट के पीछे कई वजहे हो सकती हैं। अगर बात आयुर्वेद की करें, तो आयुर्वेद चिकित्सा का पूरा सिध्दान्त, शरीर में मौजूद तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर करता है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर शरीर में कफ दोष बढ़ जाता है, तो यह मोटापे के कारण होता है। अगर आप जरूरत से



ज्यादा मीठा, नमकीन खाती हैं और लाइफस्टाइल सही नहीं है, तो इससे कफ दोष असंतुलित हो जाता है और बेली फैट बढ़ जाता है।

### बेली फैट को कम करने के आयुर्वेदिक टिप्स

बेली फैट को कम करने के लिए डाइट में ज्यादा मीठी, ऑयली, जंक और स्टार्च शामिल नहीं करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, डिनर का समय 6.30-7 बजे के बीच होना चाहिए। हमारी बायलॉजिकल क्लॉक और दोष प्रकृति के अनुसार, यह डिनर करने का सबसे सही समय है। इसके अलावा, पानी की सही मात्रा और टेम्परेचर, कफ दोष को इंबैलेंस करता है और बेली फैट को बढ़ाता है। शरीर में जमे हुए फैट या बिना पचे हुए खाने को शरीर से निकालने के लिए गुनगुना पानी जरूरी होता है। बेली फैट को कम करने के लिए दालचीनी या जीरे का पानी पीना चाहिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज जैसे रनिंग, वॉकिंग, ब्रिस्क वॉकिंग बहुत जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, इन एक्सरसाइज को करने से बॉडी से हीट निकलती है और कफ दोष कम होता है। वहीं, स्ट्रेस लेवल को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा, कम से कम 6 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप रात में जरूरत से ज्यादा सोते हैं या फिर दिन में सोती हैं, तो इसका असर कफ दोष पर होता है और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे बेली फैट कम होता है।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लंगूरों ने पहले वीकएंड पर ही पीट लिए हजार करोड़ से ऊपर



डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपये की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। कंपनी का बीता साल मार्वल की फिल्मों के चक्कर में काफी ठंडा बीता था, लेकिन अब लंगूरों की इस 58 साल पुरानी फ्रेंचाइजी के नए रीबूट ने आने वाले दिनों के आसार अच्छे कर दिए हैं।

फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपये की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपये की कमाई की है। विदेश में फिल्म की सबसे ज्यादा कमाई चीन में रही, जहां इसने 1.14 करोड़ डॉलर यानी करीब 96 करोड़ रुपये पहले वीकएंड में कमाए हैं।

करीब 16 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 1336 करोड़ रुपये में बनी फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' उत्तरी अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बीते सप्ताहांत की नंबर वन फिल्म रही है। फिल्म ने भारत में भी अच्छा कारोबार किया है लेकिन ये दूसरे देशों के मुकाबले फिर भी काफी कम है। इसकी मुख्य वजह फिल्म के प्रचार को लेकर बनी रणनीति बताई जा रही है। फिल्म के हिंदी संस्करण को लोगों का काफी प्यार मिल रहा है लेकिन सिनेमाघरों तक पहुंचने वाले अधिकतर दर्शकों को पता ही नहीं है कि ये फिल्म भारत में हिंदी में भी रिलीज हुई है।

फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' की कुल कमाई का करीब 41 फीसदी हिस्सा इसके आईमैक्स संस्करण से आया बताया जा रहा है।

### टॉलीवुड

## ममूटी की फिल्म 'टर्बो' का ट्रेलर हुआ जारी, जबर्दस्त एक्शन ड्रामा



इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्मों में से एक ममूटी की आगामी फिल्म 'टर्बो' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में ममूटी को लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी के साथ भिड़ते हुए दिखाया गया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साल 2022 की 'भीष्म पर्व' के बाद यह ममूटी की पहलीबड़ी मनोरंजन फिल्म है। 'टर्बो' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें कई चौंका देने वाले एक्शन सीन्स हैं। 12 मई को ममूटी ने ट्रेलर का यूट्यूब लिंक सोशल मीडिया पर शेयर किया था। ट्रेलर में जोस (ममूटी) का परिचय दिया गया है, जिसे सभी लोग प्यार से टर्बो जोस कहते हैं। वह एक शक्तिशाली व्यक्ति (राज बी शेट्टी) से भिड़ते नजर आता है। ट्रेलर में दोनों के बीच दुश्मनी की वजह का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिमुरुगन के निर्देशक वैशाख ने टर्बो के लिए एक बार फिर ममूटी के साथ मिलकर काम किया है। पटकथा अंजाम पथिरा और अब्राहम ओजलर निर्देशक मिधुन मैनुएल थॉमस द्वारा लिखी गई है। 'टर्बो' में कन्नड़ अभिनेता राज बी शेट्टी, तेलुगु अभिनेता सुनील और अंजना जयप्रकाश, कबीर दुहान सिंह, सिद्दीकी, शबरीश वर्मा और दिलेश पोथान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### छॉलीवुड

## गुजरात में बन रही हॉरर कमेडी फिल्म 'होलिका दहन' में छत्तीसगढ़िया कलाकार



रायपुर। गुजरात में आणंद के करमसर में इन दिनों भोजपुरी फिल्म 'होलिका दहन' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। इसके निर्माता मनौव्वर अंसारी,वंदना तिवारी, सुभाष गुप्ता एवं श्रवण जैसवार है। इसे डायरेक्ट कर रहे हैं भोजपुरी सिनेमा के लेखक साजिद मलिक। इस फिल्म में गौरव झा, काजल यादव के साथ ही बालेश्वर सिंह, प्रकाश जैस, शमशीर सिवानी व विद्या सिंह जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता मनौव्वर अंसारी एवं निर्देशक साजिद मलिक का कहना है कि कि भोजपुरी सिने जगत के लिए ये एक अलग तरह की फिल्म दर्शकों के लिए साबित होगी क्योंकि यह एक फूल हॉरर, सस्पेंस एवं जबर्दस्त कमेडी फिल्म है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में छत्तीसढी और भोजपुरी फिल्मो के जर्बदस्त अभिनेता ललित उपाध्याय, शमशीर सिवानी, प्रदीप शर्मा एवं पुष्पेन्द्र सिंह के साथ ही हिन्दी एवं भोजपुरी फिल्मों के जाने माने एक्टर दीपक सिन्हा, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम पवन मिश्रा, प्रशांत कुडिया, चंचलेश सिंह, सुधा यादव, रंगीता सिंह के अलावा भोजपुरी फिल्मों के अन्य कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे है। निर्माता मनौव्वर अंसारी ने बताया कि यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी। पहला भाग 'होलिका दहन' है, जिसकी शूटिंग मुहुर्त के साथ गत 30 अप्रेल से शुरू हुई। इसके बाद पार्ट 2 एवं पार्ट 3 भी बनाएंगे

## 13 हजार घंटे में तैयार हुआ गिगी का लिबास




मशहूर अभिनेत्री और गिगी हदीद 3डी पीले गुलाबों के साथ एक कस्टम-निर्मित ब्राउन पीस के साथ नजर आईं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उनके इस खास पहनावे को सावधानीपूर्वक तैयार करने में 13,500 घंटे से अधिक का समय लगा। गिगी हदीद इस शो का खास अट्रैक्शन रही।

## टैनिंग के कारण काली पड़ी गर्दन को साफ करने का घरेलू उपाय जानें, पहली ही बार में दिखेगा असर

अक्सर हमारी गर्दन बाहर मौजूद टैनिंग के कारण काली पड़ जाती है। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से काली पड़ी गर्दन को दाफ कर पाएंगी और त्वचा की देखभाल कर पाएंगी। काली गर्दन को साफ करने ओटमील,बेसन और गुलाब जल इस्तेमाल करें।

### काली गर्दन पर ओटमील लगाने के फायदे

ओटमील में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को डीप क्लीन करने में मदद करता है। साथ ही यह स्किन से टैनिंग रिमूव करने में बेहद असरदार साबित होता है।

### गुलाब जल को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है। यह त्वचा के कालेपन को दूर करने में मदद करता है।



### बेसन को काली गर्दन पर लगाने के फायदे

बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के ऊपर जमी टैनिंग को कम करने में मदद करता है। त्वचा में होने वाले किसी भी तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है।

### काली गर्दन को साफ करने के लिए क्या करें?

काली गर्दन को साफ करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में लगभग 2 से 3 चम्मच ओटमील डालें। इसमें 2 चम्मच बेसन और 3 से 4 चम्मच गुलाब जल की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे आप गर्दन की काली पड़ी त्वचा पर लगा लीजिये। आप चाहे तो गर्दन पर 2 से 3 मिनट तक मसाज भी कर सकती हैं। करीब 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी और कॉटन की मदद से साफ कर लें। साफ करने के बाद आपको पहली ही बार में फर्क नजर आने लग जाएगा। इस घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3 बार तक कर सकती हैं।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस




अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है।

हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।



### शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज

आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं।

### पतली बाजू के लिए

अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे।

### चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन

अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।

### कट वर्क डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं तो स्लीव्स पर बना ये डिजाइन आपके लिए बेस्ट रहेगा।

## बिना मेकअप केवल लिपस्टिक के इन शेड्स को लगाने से मिलेगा आकर्षक लुक

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें।

रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं।

कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रोनक बढ़ा सकती हैं।



### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।

**हार्श केमिकल का ना करें इस्तेमाल :** अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

**ज्वेलरी साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान:** सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।



**ज्वेलरी के लिए सही ब्रश का करें इस्तेमाल:** अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

कार्नर न्यूज

### स्किन बैरियर को ठीक रखने नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूरी

## फेस वॉश या स्क्रब की तरह इस्तेमाल किए जा सकते हैं किचन इंग्रीडिएंट्स

*जब भी बात फेस वॉश की होती है, तो हमेशा हम ऐसा प्रोडक्ट चुनने की कोशिश करते हैं जिससे स्किन ब्राइट और लाइट हो। इसे गलती नहीं मानेंगे क्योंकि अधिकतर ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इसी तरह से एडवर्टाइज किया जाता है। पर केमिकल फेस वॉश के कारण स्किन बैरियर भी खराब होने लगता है। स्किन बैरियर को ठीक रखने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। स्किन पर नेचुरल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से काफी हद तक आप स्किन प्रॉब्लम्स से दूर रह सकती हैं। अगर बात किचन इंग्रीडिएंट्स की करें, तो ऐसी कई चीजें हैं जो ना सिर्फ फेस वॉश, बल्कि फेस स्क्रब का काम भी कर सकती हैं।*



ब्यूटी और हेयर एक्सपर्ट शहनाज हुसैन कहती हैं कि नॉर्मली हम लोग फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन चेहरे की क्लींजिंग करने के और तरीके हो सकते हैं। आपको चेहरे पर हार्ड केमिकल्स और साबुन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। शहनाज हुसैन के मुताबिक, आपको क्लींजिंग जेल या नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से चेहरा साफ करना चाहिए। उनके मुताबिक, दूध, तिल का तेल, गुलाब जल जैसे कई इंग्रीडिएंट्स अच्छे फेस क्लींजर्स हो सकते हैं।

**स्किन एक्सफोलिएशन और क्लीनिंग के लिए इस्तेमाल करें टमाटर:** विटामिन-सी बहुत ही अच्छा ऑप्शन हो सकता है आपकी स्किन को ठीक करने के लिए। अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें डेड स्किन की समस्या होती है, तो विटामिन-सी और विटामिन-ए से भरपूर टमाटर आपकी स्किन के लिए अच्छा होगा।

आप इसे आधा काटकर अपनी स्किन पर रब कर सकती हैं या फिर टमाटर के जूस के साथ बेसन मिक्स कर आप उसे लगा सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग के लिए काम आएगा तिल का तेल:** अगर आपकी स्किन काफी ड्राई है और आपको स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो रही हैं, तो आप तिल का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। तिल का तेल मसाज के लिए अच्छा होगा। आप उसके साथ 1 चम्मच ओट्स पाउडर मिलाकर स्क्रब भी बना सकती हैं।

इसे हल्के हाथों से चेहरे पर लगाएं और स्किन को नेचुरली एक्सफोलिएट करें।

**दूध से करें चेहरे की क्लीनिंग और एक्सफोलिएशन :** अगर आप उन लोगों में से हैं जिन्हें दूध सूट करता है और उसकी स्मेल से दिक्कत नहीं होती, तो कच्चा दूध स्किन पर लगाकर चेहरा साफ किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कच्चे दूध के साथ एक छोटा चम्मच शहद बनाकर स्किन पर 2 मिनट के लिए मसाज कर सकती हैं और उसके बाद आप चेहरा सादे पानी से धो सकती हैं।



## आत्मानंद स्कूल समोदा में प्रवेश, आज निकाली जाएगी लॉटरी

**आरंग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा में शिक्षा सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु 15 मई को प्रातः 10 बजे से पात्र अभ्यर्थियों का चयन एवं सीट का आबंटन कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी द्वारा किया जाएगा। सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग पुष्पेन्द्र शर्मा द्वारा गठित समिति एवं आज्ञा राम ठाकुर प्राचार्य समोदा एवं विद्यालय के शिक्षकों तथा पालकों की उपस्थिति में होगी। लॉटरी निकालने के पश्चात पात्र चयनित अभ्यर्थियों की सूची तत्काल सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। पालकों से अनुरोध है कि चयनित विद्यार्थियों का नाम सूची में देखकर विद्यालय में 16 से 18 मई तक दस्तावेज सत्यापन करवाएं तथा बच्चे का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करे।

## जास्मीन 92% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम



**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरीकला के अध्यनरत जास्मीन सेन जो की तिल्दा विकासखंड के ग्राम खपरी कला निवासी मनोज सेन की पुत्री है उन्होंने 600 पूर्णांक में 551 प्राप्तांक प्राप्त कर 92% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों को देते हुए कहा है कि आज मेरा प्राप्तांक इतना अच्छा सिर्फ मेरे शिक्षकों के सुनियोजित शिक्षण और उनके द्वारा मेरे प्रति सहयोग के कारण आया है।

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम सारागांव, प.ह.नं-10, रा.नि.मं. रायपुर 16, सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः - 529/7, 529/10, 529/11, 529/12, 529/13 एवं 53/5, 53/6, 53/8, 53/9, 53/10, 53/12 हे. कुल रकबा - 1.984 हे. भूमि के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार दाऊलाल वर्मा, पिता - श्री सुंदर लाल वर्मा, निवासी ग्राम सारागांव, थाना खरोरा, जिला - रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम सारागांव, प.ह.नं.-10, रा.नि.मं. - रायपुर - 16, सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः - 529/7, 529/10, 529/11, 529/12, 529/13 एवं 53/5, 53/6, 53/8, 53/9, 53/10, 53/12 हेक्टे. का मालिक एवं स्वामी है एवं उपरोक्त भूमि पर हमारे पक्षकार का कब्जा है और हमारे पक्षकार के पिता सुंदरलाल वर्मा पिता जवाहल वर्मा को उपरोक्त भूमि बटांकन के पूर्व मूल ख.नं. 53/5, रकबा 1.040 हेक्टे. एवं 529/7 रकबा 0.944 हे भूमि बटवारे में प्राप्त हुई है, किंतु राजस्व अभिलेख में त्रुटि होने के कारण उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेखित भूमि भुवनलाल वर्मा पिता जवाहल वर्मा के नाम से दर्ज हो गई भुवन लाल की मृत्यु के पश्चात हल्का पटवारी के द्वारा त्रुटिवश खाता रोस्टर करते समय यह भूमि उसके उत्तराधिकारियों रामप्यारी, कल्पना, नीलम, विद्या, किशोर पिसरान बिसेशर, कौशल, कैलाश पिता भुवनलाल, ना.बा. दुर्गा, ना.बा. गौरी, ना.बा. गौरव, ना.बा. पूर्णिमा पिसरान कमल, लक्ष्मी, कृष्णा, बिसन, बिस्मत, बिसाहिन, अनश पिसरान भुवनलाल का नाम दर्ज हो गया है। उपरोक्त खातेदारों के द्वारा उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि को हमारे पक्षकार को बिना पक्षकार बनाये बिना कब्ज़ा प्राप्त किये अवैध एवं विधि विरुद्ध बटवारा कराकर उपरोक्त भूमि को किसी दूसरे व्यक्ति के पास अवैध एवं विधि विरूद्ध तरिके से अंतरण करने का प्रयास कर रहे है। उक्त खातेदारों के द्वारा की जा रही अवैध अंतरण से संभावित क्रेता को कोई हक अधिकार प्राप्त नही होगा और ना ही हमारे पक्षकार का हक, अधिकार समाप्त होता है और ना ही उक्त भूमि को खातेदारों को विक्रय करने का कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नही होता है। इस संबंध मे हमारे पक्षकार द्वारा सक्षम न्यायालय में कार्यवाही का प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि संभावित क्रेता व्यक्ति, संस्था, निकाय, आदि के द्वारा विषयांतर्गत उल्लेखित भूमि का संव्यवहार न करे। यदि क्रेता द्वारा उक्त भूमि का क्रय या संव्यवहार किये जाने की स्थिति में संभावित क्रेता या व्यक्ति को कोई कानूनी हक, अधिकार प्राप्त नही होगा और हमारे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 14.05.2024

भवदीय
गोपाल साहू, एस. के. शर्मा,
वाय. वर्मा, सुनील देवांगन, अजय वर्मा,
मोना शर्मा अधिवक्तागण सिविल कोर्ट
रायपुर (छ.ग.), मो. नं. - 9926974551

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-रायपुर-11, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 14/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रतिमा पुजारी पति श्री स्व. ओमप्रकाश पुजारी वगै. निवासी सदरबाजार रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पुरैना, प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर-11, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 139/7 रकबा 0.2020 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04.04.2024 के परिपालन में दिनांक 22/05/2024 को समय 04 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 67 के पुरैना स्थित कार्यलय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 11

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं.-78 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती गौरी सिंह पति स्व. डॉ.बिजेन्द्र सिंह निवासी टाटीपुर, ग्वालियर (म.प्र.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 192/29 रकबा 0.0630 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/ वाचक तहसीलदार/ अ-12/ वर्ष- 2024 आदेश दिनांक 16.04.2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20.05.2024 को समय 1:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18, रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं.-78 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती ज्योति मौर्य पति सुभाष मौर्य निवासी सांई, नगर जोरा रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 192/30 रकबा 0.0780 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/ वाचक तहसीलदार/ अ-12/ वर्ष- 2024 आदेश दिनांक 16.04.2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20.05.2024 को समय 2:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18, रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10.05.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं.- 78 रा.नि.मं.-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक विशाल टेटवार पिता पुरूषोत्तम टेटवार निवासी शताब्दी नगर रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 192/26 रकबा 0.0280 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/ वाचक तहसीलदार/ अ-12/ वर्ष- 2024 आदेश दिनांक 16.04.2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 20.05.2024 को समय 1:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18, रायपुर

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6108 दिनांक 16.12.2010 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS-I-BL-50/008 को श्रीमति अंजली चौकसे पति श्री प्रवीन चौकसे, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 05.04.2013 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमति अंजली चौकसे पति श्री प्रवीन चौकसे, पताः - क्वाटर नं.- 2 - बी, सड़क नं.-5, सेक्टर नं.-9, भिलाई, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री योगराज पांडुरंग शिवनकर पिता श्री पांडुरंग शिवनकर, निवासी : - पालेवाडा मुंडीपार गोंदिया महाराष्ट्र को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। श्रीमति अंजली चौकसे पति श्री प्रवीन चौकसे के द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को किसी भी बैंक, संस्था या निकाय में बंधक रखकर ऋण नही लिया गया है, का लेख किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS-I-BL-50/008, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस / समंस**

स्नेहलता गुप्ता ..................आवेदिका
विरुद्ध
स्व. बंसत साव वगैरह ..........अनावेदकगण
प्र.क्र.एम.जे.सी. -683/2023
आदेश दिनांक 19.04.2024
आगामी पेशी :- 18.06.2024
प्रो. क्र. 3399

प्रति, स्व. बंसत साव वगैरह के उत्तराधिकारीगण

इस न्यायालय में संस्थित प्रकरण एम.जे.सी. क्रमांक 683/2023 पक्षकार स्नेहलता गुप्ता विरुद्ध स्व. बंसत साव वगैरह को अदम पैरवी में खारिज किया गया है उसे पुर्नस्थापना हेतु वाद लाया गया है जिसकी पेशी दिनांक 18.06.2004 को नियत है अतः इस ईश्तहार / नोटिस के द्वारा पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 18.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थिति होवे जिसे प्रकरण के बारे में समयक जानकारी हो एवं आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन का जवाब दे सके अन्यथा मामले में एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः दिनांक 09.05.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कर मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक-09.05.24
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मीना देवी (MINA DEVI) पति श्री जोहन लाल साहू, (JOHAN LAL SAHU) पता– म.क्र. 125/4, वार्ड क्र. 10 मेन रोड मुर्रा पो. कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम मीना देवी (MINA DEVI) पति श्री जोहन लाल साहू, (JOHAN LAL SAHU) को त्याग कर नया नाम मीना साहू (MINA SAHU) पति श्री जोहन लाल साहू, (JOHAN LAL SAHU) रख ली हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मीना साहू (MINA SAHU) से ही जाना पहचाना जावे।

मीना साहू (MINA SAHU)
पता– मो.नं. 125/4, वार्ड क्र. 10
मेन रोड मुर्रा पो. कुम्हारी
जिला–दुर्ग (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता यश जैन पिता सुरेश चंद चौरडिया निवासी ई. 00056 वार्ड 44 नवजीवन विद्यालय गली के बगल में पुरानी बस्ती रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे स्वयं के नाम से एस.बी.आई. (भारतीय स्टेट बैंक) रायपुर छ.ग. में खाता खोला गया है जिसका शाखा नगर निगम के पास रायपुर छ.ग. में है जिसका खाता नं. 41769442860 है। जिस पर मै शपथकर्ता का नाम यश चौरडिया दर्ज अंकित है। निवासी म.नं. 109 वार्ड 04 टेडेसरा राजनांदगावं छ.ग. दर्ज अंकित है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में मेरा नाम यश जैन दर्ज अंकित है जो कि सत्य व सही नाम है।
4. यह कि मेरे बैंक पास बुक पर मेरा नाम यश चौरडिया दर्ज अंकित है उसे विलोपित कर यश जैन दर्ज अंकित कर नया बैंक पास बुक प्राप्त करना चाहता हूँ जिसके समर्थन में महोदय का जो सभी नियम व शर्ते होगा मान्य है शपथपत्र प्रस्तुत है। व मेरा वर्तमान पता पुरानी बस्ती रायपुर छ.ग. दर्ज करवाना चाहता हूँ।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र कि कंडिका 01 से 04 तक कि बातें सत्य व सही व अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा है।

दिनांक 06.05.2024 शपथकर्ता

## समस्याः 4 किमी के सड़क चौड़ीकरण को 1 साल से गिट्टी बिछाकर भूल गए ठेकेदार और विभागीय अधिकारी

# नरदहा-धनसुली सड़क निर्माण 24 माह में भी नहीं हो पाया पूरा, लोगों के लिए बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

ग्राम नरदहा से धनसुली (सकरी) तक सड़क चौड़ीकरण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। ठेकेदार के सामने विभागीय अधिकारी कोई दबाव नहीं बना पा रहे हैं, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि निर्माण कार्य का भूमिपूजन 2022 में किया गया, लेकिन इस काम को 2साल हो गया। काम में कोई तेजी नहीं हैं। अधिकारी बेबस हो गए हैं।

अधिकारी भी कार्य की पूर्णता को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रहे हैं। वहीं रोड के निर्माण के गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। गुणवत्ता हीन कार्य किया जा रहा है। रोड ऐसे बना रहे हैं, जो टेढ़ा-मेढ़ा होने के साथ ही काफी छोटा हैं। बीते साल होली के पूर्व गिट्टी फिलिंग डाला गया है। जो आज भी वैसा का



वैसा पड़ा है। कई दुर्घटना होने के बाद आज तक अधिकारी आए और न ही ठेकेदार ने सुध ली। जनता आए दिन दुर्घटना के शिकार होकर भुगत रहे हैं। विभागीय अधिकारी फोन भी नहीं उठाते हैं। आधा -अधूरा गिट्टी लेयर बिछा दिया गया है। जो अभी पूरा लेयर नहीं किए है। ऐसे में करोड़ों की वारा न्यारा ऊपर से जनता भुगत रहे हैं। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस रोड चौड़ीकरण के काम में प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक हैं।

ज्ञात हो कि नरदहा अटल चौक धनसुलि रोड निर्माण गिट्टी डाले कई महिने बीत गए मगर इसे डामरीकरण नहीं किया गया हैं। मंदिर हसौद आरंग नया रायपुर के लिए नरदहा अटल चौक एक मात्र एक रोड के पास रोज कम से कम दर्जनों गाड़ियां आपस में टकराते देखें जा सकते हैं। कुछ माह पहले 10 बजे काम से लौट रहे निलेश टंडन रोड के बीचों बीच पुल डालने खोदे गए गड्ढे में गिर गया। रात के अंधेरे में अकेले गिरा पड़ा था इत्तेफाक देर बाद गड्ढे में मोबाईल ढूंढते - ढूंढते मिला। जिसके बाद घर वालों को सूचना दी गई। व तत्काल 112 को सूचित कर मेकाहारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। स्थानीय ने बताया अगर मोबाईल नहीं मिलता तो देर रात गड्ढे में पड़ा रहता। इसके बाद कॉन्ट्रेक्टर और विभागीय अधिकारी को सूचना दिया गया की निर्माण क्षेत्र में निर्माण कार्य स्थल पर कार्य प्रगति का बोर्ड रेडियम पट्टी सूचना पटल 100 मीटर दूर लगाने की बात पर बोला गया था।

रोज कहीं न कहीं दुघटना हो रही है मगर ठकदार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा हैं।

### उग्र आंदोलन करेंगे

नरदहा के उप सरपंच अनिल टंडन ने बताया कि ग्रामीणों में भरी आक्रोश व्याप्त है। वहीं जल्द ही सड़क निर्माण नहीं करने पर उग्र आंदोलन करेंगे।

### जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं आवागमन

धनसुली सरपंच प्रेमशंकर यादव ने कहा की जान जोखिम डालकर ग्रामीण रोजाना आवागमन कर रहे हैं। । वहीं दुर्घटना होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर ग्रामीण आक्रोश हो रहे हैं। तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर चक्काजाम करने की बात कही है।

## पेज 09 के शेष...

### कोरोनाकाल ...

और भीतर रखे बिस्तरों में धूल जम चुकी है। वार्डों में एसी की सुविधा दी गई है मगर एल्यूमिनियम प्लेट से बने होने की वजह से गर्मी के दिनों गर्मी, ठंड में ज्यादा ठंड, बारिश के दौरान तेज आवाज की वजह से मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### रायपुर रेल मंडल...

बदलने का अधिकार नहीं है। नया सिस्टम के बाद आरपीएफ और डीआरएम को शिकायत मिल रही है। यात्री नए सिस्टम और पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी से परेशान हैं।

### पीएससी मामले में...

सीबीआई के निर्देशानुसार नई अधिसूचना का प्रकाशन कराने की तैयारी कर ली है। अधिसूचना का मसौदा तैयार कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल अधिसूचना का प्रकाशन नहीं हुआ है। सीजी पीएससी में 2021 की भर्ती में यह घोटाला आरोप और शिकायत के रूप में सामने आया था की पीएससी के अधिकारियों ने मिलीभगत कर पद बांटे। यह मामला पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में सामने आया था। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद सीजी पीएससी भर्ती घोटाला की जांच को राज्य सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को सौंप दी गई थी। इसको लेकर सरकार ने अधिसूचना जारी की गई थी। मामला पुलिस में दर्ज किया गया। बाद में ईओडब्ल्यू और एसीबी में दर्ज एफआईआर के साथ ही पीएससी घोटाला में दर्ज एक और एफआईआर को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया है। इसके साथ सीबीआई को इस मामले की जांच के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में कार्यवाही करने की अनुमति भी दे दी गई थी।

### इनके नाम...

आयोजित प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2021 जो 170 पदों के लिए ली गई थी और जिसके परिणाम 11 मई 2021 को जारी किए जाने के पश्चात राज्य लोकसेवा आयोग पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ननकीराम कंवर व अन्य के माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

### सात दिन की जांच...

मामले में गंभीर स्थिति में महिला इलाज के लिए रेफर लेने वाले दूसरे अस्पताल को भी संदेह के दायरे में रखा गया था। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने गंभीरता से लिया था और मामले की जांच के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित चार लोगों की टीम बनाई थी। मोवा थाने में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। लिए बढ़ा दी है।

### महादेव सट्टा एप में...

यादव एवं राहुल वक्ते अमित अग्रवाल को पुनः 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ईओडब्ल्यू के लिए अर्जुन यादव की रिमांड अवधि 9 दिनों के

### कई और खुलासों की...

है। अर्जुन ने श्रीलंका में 4 पैनल संचालित होना बताया है, वहीं अन्य पैनल कोलकाता में संचालित है। इन पैनलों को लेकर अभी और पूछताछ की जानी है। इसके अलावा दो सौ से अधिक बैंक खातों में 3 करोड़ से अधिक रुपये फ्रीज कराया गया है। इसके अलावा एप से जुड़े कई व्हाट्सएप ग्रुप भी मिले हैं।

### मनोज सोनी भी...

के कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में मनोज सोनी को ईडी ने 30 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद मनोज सोनी लगातार ईडी की रिमांड पर था।

**NAME CHANGE**

It Is Informed To The General Public That I MUKESH KUMAR KESHARWANI S/O Shri Tulshi Das Kesharwani Resident Of Sanjay Nagar Raipur (C.G.) 492001 Have Change My Old Name Mukesh Kumar Kesharwani S/O Shri Tulshi Das Kesharwani So In Future I Should Be Recogniged By My New Name Mukesh Kesharwani S/O Shri Tulshi Das Kesharwani In All Goverment & Other Documents.

**Mukesh Kesharwani**
Sanjay Nagar Raipur (C.G.)
492001

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः**- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00080 माना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440726200081

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00080 के अंतर्गत ग्राम माना के वर्तमान भूमिस्वामी पवन देवांगन पिता/पति-पिता चंदू लाल देवांगन पता-सा. देह P-0752371 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 862/1(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती संध्या शर्मा पिता/पति-पति श्री ललित शर्मा पता-पौता अभनपुर जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई। दिनांक 22/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
Tulsi Rathore, रायपुर







Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133


जीवेत शरदः शतम्
छ.ग. के सुपर स्टार एवं धरसींवा विधायक, पद्मश्री
मान. अनुज शर्मा जी को जन्मदिन की कोटि-कोटि बधाई...
श्री भूपेन्द्र कसार
जनपद सदस्य धरसींवा
श्री डॉ. के.के. वर्मा
मंडल अध्यक्ष धरसींवा
श्री हेमंत वर्मा
सरपंच परसतराई
मिडीया प्रभारी धरसींवा
15 मई
पद्मश्री अनुज शर्मा
विधायक धरसींवा
श्री विद्या भूषण वर्मा
सरपंच रैता
श्री रेमन पाल
सरपंच कुथरेल


छ.ग.के सुपर स्टार एवं धरसींवा विधायक
पद्म श्री अनुज शर्मा जी
15 मई
को जन्मदिन की हार्दिक
शुभकामनाएं
पद्म श्री अनुज शर्मा
विधायक धरसींवा
विवेक शर्मा
कार्यालय प्रभारी
हेमंत वर्मा
सरपंच परसतराई
विनीतः-समस्त कार्यकर्ता विधानसभा धरसींवा